CMYK

तापमान
अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 19°C

सेंसेक्स 75,364.69
निफ्टी 22,904.45

सोना 91,455
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, सोमवार 7 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 311 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### चार महीने बाद मैदान में वापसी कर सकते हैं बुमराह

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रामेश्वरम में पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज लोकार्पित

रामेश्वरम, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवम्बर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन इस कार्यक्रम में नहीं आए। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और - शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम मोदी ने किया नए पम्बन ब्रिज का लोकार्पण पांच मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा पम्बन ब्रिज


### भाषा विवाद के बीच पीएम का तमिलनाडु सरकार पर निशाना

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद जनसभा के दौरान भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी।

# किसान नेता डल्लेवाल ने खत्म की 131 दिनों की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** पंजाब के बुजुर्ग किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिनों से चली आ रही अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल रविवार को खत्म कर दी। उन्होंने पिछले साल 26 नवम्बर को आंदोलनकारी किसानों की अलग -अलग मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी। इन मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी भी शामिल है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से उनसे आमरण अनशन खत्म करने की अपील किए जाने एक दिन बाद जगजीत सिंह ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' के दौरान ऐलान किया कि वे अपनीअनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर रहे हैं किसानों की सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आप सभी ने (मुझसे) आमरण अनशन खत्म करने के लिए कहा था। मेरे लिए 'संगत' (लोग) 'रब्ब दा रूप' (भगवान का एक रूप) है।



- एक मजबूत मोर्चा बनाने की बात करते हुए डल्लेवाल ने कहा मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा

### न्यायमूर्ति पल्ली को हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 4 अप्रैल, 2025 को हुई अपनी बैठक में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है।

### मनोज चरण बने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के 8वें बिशप

**अमृतसर।** राइट रेव मनोज चरण को, रविवार को क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल, राम बाग में आयोजित एक भव्य प्रार्थना सभा के दौरान डायोसिस ऑफ अमृतसर, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के आठवें बिशप के रूप में स्थापित किया गया। बिशप चरण, जो कि चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के प्रतिष्ठित नेता हैं, ने टीमवर्क, आध्यात्मिक विकास और अंतरधार्मिक संवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। 'धर्मांतरण नहीं, बल्कि वार्तालाप' का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने डायोसिस के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जो समाज में शांति, धार्मिक सद्भाव और भाईचारा स्थापित करने पर केंद्रित है।

### भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ न लगाने की अपील

**लोंगवा।** नागालैंड के मोन जिले के एक नगा जनजातीय मुखिया ने केंद्र सरकार से भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने और 'फ्री मूवमेंट रीजीम' (एफएमआर) क्षेत्र को कम करने के फैसले को तुरंत रद्द करने की अपील की है। टोन्एई फावांग, जो कि अंग (राजा) के 10वीं पीढ़ी के मुखिया हैं, ने कहा कि मोन जिले के दोनों ओर रहने वाले लोग कोन्याक नगा जनजाति से हैं और वे आपस में बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं।

### सीजेआई खन्ना ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने रविवार को तिरुमाला मंदिर की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी ने महाद्वारम में मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया। मंदिर के पुजारियों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच उनका पारंपरिक स्वागत किया और उन्हें मंदिर ले गए। दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश को रंगनायकुला मंडपम में शेष वस्त्रम और तत्पश्चात वेदसर्वचनम भेंट किया गया।

# जमीयत की वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दस्तक

## केंद्र को नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने को अंतरिम आदेश की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ जमीयत उलमा- ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

उन्होंने कहा है कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। संविधान न सिर्फ सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, बल्कि पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। यह बिल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की साजिश है, जो पूरी तरह संविधान के खिलाफ है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य मामलों में न्याय हुआ, वैसे ही इस संवेदनशील और असंवैधानिक कानून पर भी हमें न्याय मिलेगा। मौलाना मदनी ने तथाकथित सेक्युलर दलों की आलोचना करते हुए कहा कि हमने इस कानून को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए, संविधान रक्षा सम्मेलनों का आयोजन किया, ताकि उन लोगों के ज़मीर को जगाया जा सके, जिन्होंने सत्ता के लालच में संविधान की मूल आत्मा को ही भुला दिया, लेकिन अफसोस वही हुआ, जिसका डर था। खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों ने न सिर्फ मुसलमानों के हितों का सौदा किया, बल्कि संविधान को भी अपने पैरों तले कुचल डाला और अपने असली चेहरे को पूरे देश के सामने उजागर कर दिया। मौलाना मदनी ने कहा कि इन नेताओं का व्यवहार सांप्रदायिक ताकतों से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि इन्होंने दोस्त बनकर पीठ में छुरा घौंपा -शेष पृष्ठ दो पर



- लोकतंत्र और वक्फ की रक्षा के लिए आखिरी खून की बूंद तक कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा: मौलाना अरशद मदनी
- कहा: जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी।

### वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, बल्कि सरकार का लक्ष्य बस यह सुनिश्चित करना है कि इसे प्रबंधित करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस विश्वास से प्रेरित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था कि एक देश, दो कानूनों और दो संविधानों के तहत काम नहीं कर सकता।

### भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है: ओम बिरला

**नई दिल्ली/ताशकंद।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। श्री बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आईपीयू की ऐतिहासिक 150वीं सभा में 'सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्यवाही' पर मुख्य भाषण देते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई ऐसे कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की चिरस्थायी चिंता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016', 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों अधिनियम, 2019 और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे विधेयक समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।

# उत्तराखंड की राह पर कर्नाटक: UCC की शुरू हुई वकालत

## देश में यूसीसी लागू होना जरूरी

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक हाईकोर्ट** ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू होना बहुत जरूरी है। इससे सभी नागरिकों को (खासकर महिलाओं को) बराबरी का हक मिलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे मिलकर ऐसा कानून बनाएं।

यह टिप्पणी जस्टिस हंचाटे संजीव कुमार की सिंगल जज बेंच ने एक पारिवारिक संपत्ति विवाद के मामले में की। यह मामला मुस्लिम महिला शहनाज बेगम की मौत के बाद उनकी संपत्ति के बंटवारे को लेकर था, जिसमें उनके भाई-बहन और पति के बीच विवाद हुआ। कोर्ट ने इस मामले के बहाने मुस्लिम पर्सनल लॉ पर सवाल उठाए और कहा कि ये कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू कानून में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का अधिकार है, जबकि मुस्लिम कानून में भाई को मुख्य हिस्सेदार और बहन को कम हिस्सेदार माना जाता है, जिससे बहनों को कम हिस्सा मिलता है। कोर्ट ने कहा कि ये असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है। कोर्ट ने बताया कि गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्य पहले ही यूसीसी की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। इस वजह से अब केंद्र और बाकी राज्यों को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। कोर्ट ने अपने फैसले की कॉपी केंद्र और कर्नाटक सरकार के कानून सचिवों को भेजने के निर्देश दिए हैं।



- हाईकोर्ट बोला: संविधान निर्माता भी इसके हक में थे, कोर्ट ने की राज्य और केंद्र से कानून बनाने की अपील

### सौरभ हत्याकांड: मुस्कान जेल में हुई बीमार, कई दिन से हो रही उल्टियां

**मेरठ।** मेरठ के सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान को जेल में कई उल्टी भी हुई है। मुस्कान में प्रेग्नेंसी के लक्षण दिखाई दिए। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान के मेडिकल चेकअप के लिए डाक्टर को पत्र लिखा है। प्यारे लाल जिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डाक्टर अब जेल में आकर मुस्कान का गायनिक टेस्ट करेगी। इसके बाद ही क्लियर होगा कि मुस्कान प्रेग्नेंट है या नहीं। बता दें कि 19 मार्च से मुस्कान और साहिल मेरठ जिला जेल में बंद हैं। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। जेल आने के बाद मुस्कान का प्राइमरी मेडिकल टेस्ट किया गया था। तब वो पूरी तरह स्वस्थ थी। इससे पहले, मेरठ के ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने मुस्कान की मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी को थाने बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। मुस्कान के मां-बाप ने हत्या के खुलासे वाली बात पुलिस के समक्ष फिर से दोहराई है। बाकी लोगों के बयान भी जल्द कराने की तैयारी है। पुलिस की चार्जशीट भी लगभग तैयार हो गई है। जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। सौरभ की बेटी पीहू अपनी नानी के पास है।

# भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत

### राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव (लू) को लेकर चेतावनी जारी की है। खासतौर पर 7 से 9 अप्रैल तक दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिल्ली में इस समय तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मौसम विभाग का कहना है कि 7 और 8 अप्रैल को पारा 42 डिग्री तक जा सकता है, जिससे राजधानी में हीटवेव जैसे हालात बन सकते हैं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान अभी 17 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य के करीब है, लेकिन अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री ज्यादा है। बीते 24 घंटों में पश्चिमी-उत्तर-पश्चिमी दिशा से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।



### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आज दो न्यायमूर्ति लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उड़ीसा और दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश कोर्ट में सोमवार की सुबह शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। एक सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तबादले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन लगातार विरोध कर रहा था। एसोसिएशन ने उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बहिष्कार की भी घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह के साथ शनिवार को इसलिए शपथ नहीं दिलाई गई कि एसोसिएशन पूरे शपथ समारोह का ही बहिष्कार कर देती।

# सम्भल में रामनवमी पर 46 वर्ष बाद मंदिर में पूजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल में रामनवमी पर जहां एक तरफ खग्गू सराय स्थित मंदिर पर 46 वर्ष बाद पहली बार पूजा-अर्चना की गई है। वहीं दूसरी ओर जामा मस्जिद के सामने निर्माण हुई सत्यव्रत पुलिस चौकी का लोकार्पण। डीएम और एसपी ने पूजन कर लोकार्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मालूम हो 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल के बाद मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का निर्णय किया गया था। यह जिले की पहली हाइटेक पुलिस चौकी है। जहां थाने के बराबर ही स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी। इस पुलिस चौकी को सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से तैयार कराया गया है। दो मंजिला इस इमारत में कई कक्ष बनाए गए हैं। जिससे पर्याप्त फोर्स के ठहरने की व्यवस्था भी रहे। भवन को सुसज्जित और हाईटेक बनाया जा रहा है। जिले का कंट्रोल रूम भी इसी चौकी में बनेगा। पुलिस चौकी में महाभारत के रथ की आकृति मुख्य गेट के सामने तैयार कराई गई है। यह आकृति राजस्थानी पत्थर से तैयार हुई है और राजस्थान के कारीगरों ने इसको संवारा है। इस आकृति में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रसिद्ध श्लोक भी लिखा गया है।



- जामा मस्जिद के सामने बनाई गई सत्यव्रत चौकी का किया गया लोकार्पण, अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी

### सूर्य की किरणों से रामलला को तिलक, अभिषेक कराया अयोध्या में धूमधाम से मना रामलला विराजमान का जन्मोत्सव

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी।। की चौपाई के साथ भव्य और दिव्य राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाकर जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक तिलक किया गया। रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गए।जगह-जगह पटाखे दगने लगे। घंटे, घडियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए।

# गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दोपहर में श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा।

चैत्र वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। यहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद वह मंदिर परिसर के ओपन एयर थिएटर के मंच पहुंचे। यहां दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की। रामोत्सव के कार्यक्रम में काशी से पधारे जगद्गुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा व अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन होगा देश की बड़ी घटना: वासनिक

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने गुजरात में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह अधिवेशन देश के राजनी. तिक इतिहास में महत्वपूर्ण घटना होगी। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के गुजरात के प्रभारी मुकुल वासनिक ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण कांग्रेस अधिवेशन है।

कांग्रेस के अब तक गुजरात में पांच अधिवेशन हुए हैं और यह छठा अधिवेशन भारतीय राजनीतिक की महत्वपूर्ण घटना बनेगा। अधिवेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में कोंग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक होगी और उसके बाद पार्टी की महत्वपूर्ण संस्था कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों की बैठक होगी। हम समझते हैं भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण घटना होगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को हुई थी। इसकी पहली बैठक अहमदाबाद में 23-26 दिसंबर 1902 को सुरेन्द्र नाथ बनर्जी की अध्यक्षता में हुई थी। दूसरी बैठक गुजरात के सूरत में 26-27 दिसंबर 1907 को रास बिहारी घोष की अध्यक्षता में हुई थी, जबकि तीसरी बैठक अहमदाबाद में 27-28 दिसंबर 1921 को हकीम अजमल खान की अध्यक्षता में हुई थी। गुजरात में कांग्रेस की चौथी बैठक हरिपुरा में 19-21 फरवरी 1938 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अध्यक्षता में हुई थी तथा पांचवीं बैठक भावनगर में छह-सात जनवरी 1961 को नीलम संजीव रेढी की अध्यक्षता में हुई थी। अब छठी बैठक आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अधिवेशन के दौरान विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति आठ अप्रैल को सरदार पटेल स्मारक पर होगी और अगले दिन कांग्रेस कमेटी की बैठक साबरमती आश्रम और कोचरब आश्रम के बीच साबरमती नदी के तट पर होगी।

# बिहार में बेगूसराय में युवा साथियों से मिलूंगा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह सोमवार को बिहार के बेगूसराय में युवाओं से मिलेंगे और पलायन तथा बेरोजगारी के विरुद्ध उनके संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे बेगूसराय में हो रही इस आंदोलन में सफेद टी-शर्ट पहनकर शामिल हों और सरकार पर पलायन रोकने और उन्हें नौकरी देने की अपनी मांगों के लिए दबाव बनाएं। गांधी ने कहा कि बिहार के युवा साथियों, मैं सात अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं, पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि आप भी सफेद टी शर्ट पहन कर आइए, सवाल पूछिए, आवाज़ उठाइए-सरकार पर आपके अधिकारों के लिए दबाव बनाने के लिए उसे हटाने के लिए। यहां रजिस्टर कर सफेद टी-शर्ट आंदोलन से जुड़िए। आइए, हम मिलकर बिहार को अवसरों वाला राज्य बनाएं।

# इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं पर की पुष्पवर्षा

**अयोध्या, वार्ता**



- बाबरी मस्जिद के पूर्व पक्षकार ने कहा: अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं
- समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने किए रामलला के दर्शन

बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने रविवार को श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर आए श्रद्धालुओं का फूलों से वर्षा कर स्वागत किया।

इकबाल अंसारी ने रामलला के जन्मोत्सव पर अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं पर जमकर फूलों की वर्षा की। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया है। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर जलाभिषेक करीब चार मिनट तक किया। अयोध्या के मंदिरों में बधाईयां व सोहर के गीत गाए जा रहे हैं, जिस पर दूरदराज से आए श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में जा करके दर्शन और पूजन कर रहे हैं। रामलला के जन्मोत्सव में बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं के ऊपर फूल की वर्षा करने के बाद कहा कि यह कदम भाईचारे और एकता के संदेश के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा रामभक्तों पर फूल बरसाकर हमने यह संदेश देने की कोशिश की है कि अयोध्या प्रेम और सौहार्द की मिसाल बन गई है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं है। हम लोग सौहार्दपूर्वक यहां रहते हैं। हिन्दू अपना त्यौहार मनाते हैं हम अपना त्यौहार मनाते हैं। एक-दूसरे के त्यौहार में हम लोग शरीक होते हैं। अयोध्या जो है प्रेम और सौहार्द की जगह है। पूरे देश में यह संदेश हम देना चाहते हैं। वही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने आज रामनवमी के दिन अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन किए। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने रामनवमी के दिन श्रीरामजन्मोत्सव पर रामलला का दर्शन करने के बाद अनौपचारिक रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रामलला से मैंने देश में अमन-चैन बरकरार रखने के लिए आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि रामजन्मोत्सव के मौके पर मैंने अपने पूरे परिवार के साथ अपनी बहू, बेटे व बेटी के साथ भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन किए।

सांसद अयोध्या ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि यहां की जनता ने मुझे सांसद बनाया। उन्होंने कहा कि अभी राम मंदिर का काम बाकी है। करीब डेढ़ साल इसको पूरा होने में लगेंगे। श्रीराम का दर्शन कर मैंने प्रार्थना की कि सभी देशवासियों को सुख-समृद्धि और खुशहाली दें। मैंने प्रार्थना की कि जिन मतदाताओं ने मुझे वोट देकर सांसद बनाया है, उनकी उम्मीदों पर हम खरे उतरें। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी के सभी रहने वालों की चरणों की धूल को माथे से लगाकर मैंने दर्शन किए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ता पर चली गोली, हमलावर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में रविवार को एक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता को गोली मार दी गई। पुलिस ने अपराध को अंजाम देने के तुरंत बाद संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भाजपा नेता आशुतोष बिस्वास अपनी पत्नी को गायघाटा में रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उनके बाएं सीने में गोली लग गई और वे गिर पड़े। उनकी तेज चीख सुनकर स्थानीय लोग सतर्क हो गए, जिन्होंने पुलिस की मदद से हमलावर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। हमलावर की पहचान तपन बाला के रूप में हुई है। घायल कार्यकर्ता को पहले ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया।

### हावड़ा में भीषण आग लगने से लुब्रिकेंट फैक्ट्री जलकर खाक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हावड़ा के डोमजूर में भीषण आग लगने से एक पूरी लुब्रिकेंट ऑयल फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि आग बुझाने के लिए करीब 18 अग्निशमन वाहनों को तैनात किया गया। इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह आग शनिवार की रात को करीब 11 बजे लगी थी। सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन आग की लपटों के कारण फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आग की लपटों ने आसपास की एक अन्य फैक्ट्री को भी आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा।


### कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सुरौली क्षेत्र में एक कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या करने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सुरौली क्षेत्र के ग्राम सुकई परसिया निवासी राम मूरत चौहान (50) कीर्तन गाते थे और वे शनिवार की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अगस्त पार में कीर्तन गाने के लिए गए और रात में बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे कि इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने क्षेत्र के धमऊर परशुराम गांव के पास गोली मारकर फरार हो गए।

## सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव: योगी

# मातृ शक्ति के प्रति आदर भाव सबका दायित्व

**गोरखपुर, वार्ता**



- सरकार ने मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई: सीएम
- मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं।

गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए योगी ने कहा कि आज वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि है। आज सभी सनातन धर्मावलंबियों द्वारा कन्या पूजन किया जा रहा है। मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मांभगवती के अलग-अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ समारोप की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव की जो मजबूत परंपरा रही है, उसे दोनों नवरात्र शारदीय व वासंतिक में कन्या पूजन के माध्यम से देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बेटी-बेटा या महिला- पुरुष के भेदभाव से ऊपर उठकर बेटियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को जगह न दें। हम सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला अन्याय या शोषण का शिकार न होने पाए। यदि हम ऐसा करेंगे तभी एक सशक्त एवं विकसितभारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति को सम्मान देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। विधायिका से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सवका भी दिन है। सभी देवालयों में अखंड रामायण पाठ, भजन कीर्तन हो रहे हैं। सभी सनातन धर्मावलंबी पूर्णमनोयोग से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। अयोध्या में लाखों श्रद्धालु रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

आज 12 बजे भगवान सूर्य भी रामलला का सूर्यतिलक करेंगे। योगी ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला का पुनः प्रकटीकरण हुआ है। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए बहुत पवित्र दिन होने के साथ ही दुनिया की दबी कुचली एवं शोषित मानवता के लिए एक नई प्रेरणा व प्रकाश का दिन है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हम सबको मर्यादित आचरण करने के साथ ही सम या विषम परिस्थिति में धैर्य न खोकर चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय कर्तव्यो तथा सार्वजनिक तथा राष्ट्रीय रिश्तों का निर्वहन कैसे हो, इसकी प्रेरणा हमें भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित्र देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वर में देश के पहले ऑटो ब्रिज, पंबन ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम भारत के पवित्रम धामों में से है। यह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीराम ने उत्तर और।दक्षिण की सीमाओं को एकसाथ जोध्कर जीवंतता प्रदान की थी। यह हमें एक नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एवं विरासत के विज़न को दर्शाता है। इससे जुड़ने का आज हम सबको एक अवसर प्राप्त हो रहा है और इसके लिए हम सभीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों को किया रवाना

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के पावन अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गोरखनाथ मंदिर से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों प्रदर्शनी मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरूकता वाहन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के सहयोग से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा चलाए जा रहे हैं। वाहनों को रवाना करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज की तरफ से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया और उन्हें संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से लाए शिव बाबा के प्रसाद को भेंट किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य आगामी दो सालों में प्रदेश के सभी जिलों में अधिक से अधिक गांवों में मोबाइल वैन में लगे ऑडियो वीडियो प्रदर्शनी से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करना है।

# ग्रामीण महिलाओं की बाजार तक होगी सीधी पहुंच

**लखनऊ, वार्ता**

- महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन के जरिए ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और सीधी बिक्री से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य प्रसंस्करण उद्यम में स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत वाराणसी, सुल्तानपुर और अलीगढ़ में 520 स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं, जिसके जरिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ रही है। यही नहीं अब बांदा में बड़ा केंद्र चलाने की तैयारी पूरी है। ग्रामीण महिलाओं को अभियान के जरिए बाजार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। महिलाओं को कृषि उत्पादों की खरीद, प्रसंस्करण और मार्केटिंग में शामिल किया जा रहा है। इससे बिचौलियों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो गई है और महिलाओं को उत्पाद का उचित मूल्य मिल रहा है। इस पहल के तहत चल रहे केंद्रों ने महज आठ महीनों में 34.58 लाख रुपए का राजस्व कमाया है, जिसमें से 27.32 लाख रुपए सीधे एसएचजी सदस्यों को मिले हैं। दाल और मसालों जैसे उत्पादों की मांग को देखते हुए इन महिलाओं की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआर एलएम) का लक्ष्य 15 लाख ग्रामीण परिवारों को लखपति दीदी पहल से जोड़कर उनकी सालाना आय एक लाख रुपए से अधिक करना है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे वे न केवल अपने उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग कर पा रही हैं, बल्कि समुदाय में नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में काफी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्नति दीदी अभियान ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ में बेतहाशा बढ़ोतरी किए जाने से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने एवं आर्थिक मंदी की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2050.23 अंक अर्थात 2.65 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर दो सप्ताह बाद 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75364.69 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 614.9 अंक यानी 2.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 22904.45 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1022.59 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 40508.53 अंक और स्मॉलकैप 770.96 अंक यानी 1.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 45867.17 अंक रह गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत धीमी रही है, जिसका प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाया जाना है। इससे आईटी और धातु जैसे क्षेत्रों ने व्यापक बाजार की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं और संभावित जवाबी व्यापार कदमों की आशंका को दर्शाता है। निवेशक अब वैश्विक व्यापार साझेदारों की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई पर करीबी नजर बनाए हुए हैं, जिससे भू- राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता और गहराने की संभावना है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 665.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 658.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.2 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 565.01 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.9 करोड़ डॉलर उछलकर 77.8 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव संतुलित रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 84 रिंगिट लुढ़ककर 4701 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.21 सेंट की तेजी लेकर 45-41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100, मूंग दाल 150 रुपए, उड़द दाल 150 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गईं। वहीं, मसूर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रामेश्वरम में...** सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने ब्रिज के लिए 75 किमी प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है। नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है, तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और आटोमैटिक रेड सिग्नल हो जाएगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसा अक्सर अक्टूबर से फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज हवाएं चलती हैं। ब्रिज का मैकेनिज्म वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज का मैकेनिज्म बैलेंसिंग सिस्टम पर काम करता है। इसमें काउंटर-वेट्स लगाए गए हैं। जब ब्रिज ऊपर उठता है, तो शिव्स यानी बड़े-बड़े पहियों की मदद से स्पैन और काउंटर-वेट दोनों को सपोर्ट मिलता है। जब ब्रिज नीचे आता है, तो काउंटर-वेट्स उसका वजन संभाल लेते हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से ब्रिज ज्यादा वजन सह सकता है। इससे ब्रिज के सेंटर स्पैन की वर्टिकल लिफ्टिंग स्मूद और सेफली हो पाती है।

**जमीयत की...** है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेक्युलर जनता और खासकर मुसलमान इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। जमीयत उलमा-ए- हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने उन सभी सेक्युलर सांसदों का शुक्रिया अदा किया, जो देर रात तक संसद में डटे रहे और इस कानून के संभावित दुष्परिणामों को अपने भाषणों के ज़रिये उजागर किया। साथ ही उन्होंने उन न्यायप्रिय नागरिकों का भी आभार प्रकट किया, जो संसद के बाहर इस कानून के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनमें अन्याय के खिलाफ बोलने का साहस और जज्बा है। मौलाना मदनी ने दो. हराया कि यह कानून केवल धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों की भलाई के नाम पर लाया गया है, लेकिन वास्तव में यह उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर हमला है। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें अल्लाह की ज़ात पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण मामलों में हमें न्याय मिला है, वैसे ही इस महत्वपूर्ण मामले में भी हमें न्याय मिलेगा, क्योंकि यह मामला केवल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता का भी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ संशोधन कानून की विभिन्न धाराओं को न केवल चुनौती दी है, बल्कि इस कानून के लागू होने को रोकने के लिए अदालत से अंतरिम राहत (इंटरिम ऑर्डर) की भी अपील की है। यह याचिका संशोधन अधिनियम की धारा 1(2) के तहत दाखिल की गई है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड फ़ुजैल अय्यूबी ने मौलाना अरशद मदनी के आदेश पर यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है, जिसमें कहा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रबंधन तथा वक्फ संपत्तियों के लिए विनाशकारी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका का डायरी नंबर 18261/2025 है।इस सिविल रिट याचिका के साथ-साथ एक अंतरिम अर्जी भी दाखिल की गई है, जिसमें केंद्र सरकार को इस कानून के नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने की मांग की गई है। याचिका में वक्फ बाय यूजर की प्रक्रिया को समाप्त करने पर आपत्ति जताई गई है और यह कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि केस में वक्फ बाय यूजर की अवधारणा को मान्यता दी है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था का हिस्सा रहा है। इसके साथ ही, वक्फ बोर्ड में मुस्लिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनिवार्यता को हटाए जाने को भी चुनौती दी गई है। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर की गई याचिका में अंत में कहा गया है कि इन असंवैधानिक संशोधनों से वक्फ अधिनियम 1955 की मूल आत्मा और उसकी नींव को गहरी क्षति पहुंची है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25, 26 और 300ए का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा इस केस की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है व संभावना है कि आने वाले कुछ दिनों में भारत के मुख्य न्यायाधीश से इसकी जल्दी सुनवाई की गुज़ारिश की जाएगी।

# ममता ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने भगवान राम के जन्मोत्सव मना रहे हैं और सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

सुश्री बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर सभी को बधाई। मैं सभी से शांति, समृद्धि और सभी के लिए विकास के मूल्यों को बनाए रखने और बनाए रखने की अपील करती हूं। मैं शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी के उत्सव की सफलता की कामना करती हूं। सूत्रों ने कहा कि राज्य के किसी भी हिस्से से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी पार्षद सजल घोष के नेतृत्व में शहर के मध्य भाग में राम राजा ताला में पहले से ही एक रैली आयोजित की गई थी, जहां उनके अनुयायियों ने भगवा रंग के झंडे लिए और जय श्री राम के नारे लगाए और प्रार्थना की। कोलकाता उच्च न्यायालय ने हिंदू संगठनों की कुछ रैलियों को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी, क्योंकि शहर की पुलिस ने उन्हें ऐसी रैलियों से वंचित कर दिया था।

न्यायालय ने कहा कि रैलियों में कोई भी व्यक्ति धातु के हथियार नहीं ले जा सकता, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रैली में भाग लेने वाले संगठन कोलक. ाता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे। ऐसी खबरें आ रही हैं कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में रामनवमी रैलियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** मेरठ बिजनौर-पौड़ी मार्ग पर बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेरठ भेज दिया, तथा मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भेज दिया है। हालांकि इस मामले में समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर थाने पर नहीं गई थी। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सकिस्त हाल निवासी रामराज निवासी सक्षम पुत्र इंद्र अपनी बाइक पर सवार होकर अपने साथी शनी निवासी फुगाना को बैठाकर मेरठ आईआईएमटी से प्रैक्टिस करके वापस अपने घर रामराज आ रहे थे। जैसे ही मोडखुर्द के समीप स्थित डीमोन्टफोर्ट एकेडमी के सामने आए तो एक अज्ञात वाहन ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शनि की मौके पर ही मौत हो गई, तथा सक्षम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में भाई सक्षम को इलाज के लिए मेरठ रेफर करा दिया, तथा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तथा घायल का इलाज के लिए मेरठ भेज दिया गया है। बाइक को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ी कर दी गई है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आते ही कार्रवाई होगी।

**बाइक से घर आते हुए हुआ हादसा, मृतक के परिवार में मचा कोहराम**


मृतक शनि।


घायल सक्षम।

# सीसीएसयू के गेट पर सपा सांसद का फूंका पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** हिंदू स्वाभिमान परिषद के द्वारा महान वीर तथा मां भारती के सपूत राणा सांगा के विषय में अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के पुतले का दहन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के गेट पर किया गया। सदस्यों ने कहा कि सपा सांसद की सदस्यता समाप्त की जाए तथा उन्होंने जो आज तक सरकार से अपनी तनख्वाह खर्च आदि लिए हैं वह ब्याज सहित वापसी लिए जाएं तथा उन्हें पवित्र भारत भूमि से पाकिस्तान भगा देना चाहिए। उनके द्वारा किया गया अभद्र टिप्पणी वाला कृत क्षमा योग्य नहीं है

## प्रशांत जाटव के आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो जल्द होगा बड़ा आंदोलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** अब्दुल्लापुर गांव थाना भावनपुर में प्रशांत जाटव की अज्ञात लोगो ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी हत्यारो का अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। रविवार को भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह ने पीड़ित पक्ष से मुलाकात कर परिवार के साथ अपनी संवेदनाये व्यक्त की और पुलिस प्रशासन को दो दिन का समय देते हुए कहा की अगर जल्द केस का खुलासा नहीं किया तो प्रशांत जाटव को न्याय दिलाने के लिए दो दिन के बाद बड़ा आंदोलन भीम आर्मी के द्वारा किया जायेगा। इस दौरान घटना को बताने में परिजनों की आंखे नम थी। उनका कहना था कि पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। इस दौरान जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र, अजय गुर्जर, मंडल प्रभारी विकास हरित, मंडल उपाध्यक्ष रोबिन खेरवाल वाल्मीकि भीम आर्मी महानगर अध्यक्ष गौतम भैय्या आदि मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम पर टिप्पणी करने वाले...

# आरोपी चांद कुरैशी ने मांगी माफी, लगाए जय परशुराम के नारे

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीपुरम।** राष्ट्रीय परशुराम परिषद के फेसबुक पेज पर चांद कुरैशी नाम के युवक की फेसबुक आईडी से भगवान परशुराम जी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से ब्राह्मण समाज में रोष उत्पन्न हो गया, प्रकरण इतना आगे बढ़ा कि उत्तर प्रदेश के डीजीपी को स्वयं मेरठ पुलिस को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण उजागर होने के उपरांत मेरठ पुलिस हरकत में आई और चांद कुरैशी नामक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक व निवर्तमान राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार पंडित सुनील भराला ने बताया कि उक्त युवक के परिवार के दर्जनों परिवारजन उनके पल्लवपुरम स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर पहुंचे और हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए युवक को बचाने की गुहार लगाई।



इसके उपरांत भराला ने उनको आश्वासन दिया। इसके बाद चांद कुरैशी ने भराला व ब्राह्मण समाज के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगी और भगवान परशुराम जी की मूर्ति को हाथ में लेकर कहां कि, मैं भगवान परशुराम जी की बहुत इज्जत करता हूं, मेरे से बहुत बड़ी गलती हो गई, मेरी फेसबुक हैकर ने हैक कर ली गयी है उसने बताया अगर फिर भी मेरे से कोई गलती हुई है कभी नहीं करूंगा और मैं अपनी फेसबुक आईडी आज ही बंद कर दूंगा। इसके उपरांत ब्राह्मण समाज ने उक्त युवक से जय श्री परशुराम का नारा भी लगवाया। इसके उपरांत उक्त युवक व इसके परिवारजनों की ओर लिखित में माफीनामा लिखा गया ओर उसको पल्लवपुरम थाना प्रभारी को दिया गया। इस अवसर पर भराला ने कहा कि ऐसी टिप्पणी से समाज में रोष व्याप्त होता है और उक्त युवक को ऐसी गलती दोबारा न करने की नसीहत दी गई और उसको कहा गया कि अगर ऐसी गलती दोबारा की गई तो उस पर कठोर कार्यवाही कराई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पंडित अजय भारद्वाज, संतोष पंडित, शिवम भारद्वाज, शिवकुमार शर्मा, आमिर अली आदि मौजूद रहे।

# नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन

## समाजसेवियो ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, हिंदू समाज में दिखी जागृति की लहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक के स्वयं सेवकों ने पुष्प वर्षा के बीच रामराज खंड के गांव झुनझुनी में पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। रामराज खंड के गांव झुनझुनी में स्थित जेएसएस पब्लिक स्कूल से पथ संचलन का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक डॉ. केशव राव बलिराम हेड गेवार को सामूहिक रूप से प्रणाम किया गया। सबसे पहले संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार, द्वितीय सर संघ चालक गुरुजी व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

तत्पश्चात भगवा ध्वज को प्रणाम कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य पथ संचलन के उपलक्ष में एक पदयात्रा निकाली गई। यह पथ संचलन राम. राज खंड के गांव झुनझुनी में स्थित जेएसएस पब्लिक स्कूल से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य रास्तों व चौराहों से होते हुए पुन: जेएसएस पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। गांव में जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों ने स्वागत किया। संचलन के दौरान स्वयं सेवकों ने अनुशासनबद्ध होकर पर संचलन किया। पंक्तियों में चल रहे पूर्ण गणेश के



साथ स्वयं सेवकों के भारत माता के जय करो से गांव गूंज उठा। पथ संचलन के दौरान सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणेश पहने हुए हाथों में डंडे लेकर चल रहे थे। संघ के जिला प्रचारक संजीव कुमार ने कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित किया उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आरएसएस राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला एक संस्कारवान संगठन है। यह समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए कार्य करता है। उन्होंने बताया कि संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। रामराज खंड के खंड संच. ालक ब्रह्मचारी सिंह ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा या चैत्र मास के शुक्ल पक्ष का दिन ही प्रथम दिन नव वर्ष का माना जाता है। भारतीय काल गणना में इसे ही वर्ष प्रतिपदा कहते हैं यह वर्ष का प्रथम दिन है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। उनके अनुशासन और राष्ट्रभक्ति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्राम वासियों ने भी नव संवत्सर के इस अवसर पर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव झुनझुनी निवासी सुखपाल सिंह ने की। आरएसएस द्वारा आयोजित रामराज खंड के गांव झुनझुनी में पथ संचलन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दिया। स्वयंसेवकों के पथ संचलन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना बहसूमा क्षेत्र के गांव झुनझुनी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया। थाना प्रभारी इंदु वर्मा पुलिस बल के साथ पथ यात्रा के साथ सुरक्षा की दृष्टि में चलती रही। इस मौके पर मवाना जिला प्रचारक संजीव कुमार, राम. राज खंड संचालक ब्रह्मचारी सिंह, खंड कार्यवाह जितेंद्र, सह खंड कार्यवाह मोनू, जिला सह सेवा प्रमुख हरेंद्र, खंड शारीरिक प्रमुख अमरदीप, खंड बौद्धिक प्रमुख सुनील शर्मा, खंड प्रचार प्रमुख डॉ. श्रीपाल कोहली, खंड सेवा प्रमुख बॉबी, विपेंद्र सुधा वाल्मीकि, मवाना खंड से सह खंड कार्यवाह विनीत राणा, ऋषभ गोयल आदि शामिल थे।

## कला एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारतीय नववर्ष के शुभ अवसर पर वार्ड एक शिव हरि मंदिर कालोनी के शिव मंदिर के प्रांगण में शनिवार व रविवार को दो दिवसीय बुक बैंक निर्माण व पुस्तक दान मेला आयोजित किया गया। मेले में 500 से अधिक पुस्तकें दान में प्राप्त हुई। दान मेले में 'भारतीय नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं' विषय पर शाम 3 बजे कला प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 40 छात्र- छात्राएं शामिल हुए। एवं शाम 4 बजे 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालक बालिका दो वर्गो में संपन्न हुई। इसमें 70 बालक बालि. काएं शामिल हुए। दान मेले में रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समा. जसेवी आलोक सिसोदिया ने विज. ेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा पढ़ने के साथ खेल आपको शारीरिक विकास में सहायक होता हैं। इसके साथ ही बुक बैंक का भी शुभारंभ किया। जिसमें पुस्तकों का दान के साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकों की उपलब्धता रहेगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कला प्रतियोगिता में नैनसी प्रथम, चांदनी द्वितीय व उज्जवल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में नैतिक प्रथम, अक्षित द्वितीय व वरूण तृतीय पुरस्कार बालिका वर्ग में काव्या प्रथम, रानी द्वितीय व प्रलीन ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

## एक नजर

### दौराला में महर्षि कश्यप जी की मनाई जयंती



**मेरठ।** सृष्टि के सृजक कहे जाने वाले, सप्त ऋषियों में से एक, वैदिक ऋषि महर्षि कश्यप जी की जयंती दौराला मंडल के मोहम्मदपुर गांव में बूथ अध्यक्ष मिंटू कश्यप के आवास पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में मनाई गई। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके याद किया। इस दौरान आनंद सरूप कश्यप, ओमकार कश्यप, कन्हैया कश्यप, अरविंद कश्यप, प्रमोद कश्यप, यशवीर कश्यप, अमित कश्यप, संगम अहलावत, राहुल कश्यप आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम शोभायात्रा का विधायक ने राम को तिलक लगाकर किया शुभारंभ



**फलावदा।** रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में रविवार को प्रभु श्री राम की शोभायात्रा का शुभारंभ सरधना विधायक अतुल प्रधान ने श्री राम को तिलक लगाते हुए पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया। शोभा यात्रा में दुर्गा माता, भारत माता, राम दरबार, व अंतरराष्ट्रीय परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल आदि सुंदर-सुंदर झांकियों व बैंड और डीजे के साथ कस्बे के श्री बूढा शिव मंदिर से आरंभ होकर परम्परागत मार्ग से होते हुए रामलीला ग्राउंड में समापन किया गया। मुख्य रूप से सपा नेता मोहित तोमर, प्रवीण प्रधान, भाजपा नेता नरेंद्र खटीक, मास्टर अरुण बिश्नोई, एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में सचिन गुप्ता, गौरव गर्ग, प्रदीप त्यागी, शन्नि सोम, आदेश चौधरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं। आयोजनकर्ता मंदिर समिति के प्रधान मनोज बिश्नोई, संरक्षक ज्ञनेंद्र धीमान, मनोज ओपी, बिट्टू तोमर, रामफल सैनी, बृजमोहन खटीक, विमल सैनी, रमेश धीमान, महावीर मुनीम, सुरेंद्र बिश्नोई, योगेश धीमान, आदि लोग शामिल रहे। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

### बहसूमा नगर में रामनवमी जयंती के अवसर पर धूमधाम से निकाली गई झांकी

**बहसूमा।** रामनवमी जयंती के अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंडबाजे की धुन पर बज रहे धार्मिक गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया तथा जगह-जगह झांकी का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। रविवार को रामनवमी जयंती झांकी का शुभारंभ को जिपं सदस्य नितिन खटीक एवं समाजसेवी सुमित चहल ने नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर किया। रामनवमी की झांकी मोहल्ला ठाकुर द्वारा से शुरू होकर नगर के विभिन्न मोहल्ले में जाते हुए नागरिकों ने स्वागत किया गया, तथा श्रद्धालुओं ने धार्मिक गीतों पर भी नृत्य किया और झांकी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी, मनोज शर्मा, सभासद राजू राठी, सभासद दीपक गुर्जर, सभासद वीरेंद्र नागर, सभासद मनीष अहलावत, कांति शर्मा, उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, उप निरीक्षक कोमल चौधरी, कांस्टेबल नितिन, कांस्टेबल लाखन सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं झांकी में पुलिस की व्यवस्था में भारी पुलिसबल लगाया गया था।

## 46 वें स्थापना दिवस पर आदेश फौजी ने आवास पर फहराया बीजेपी का झंडा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता भाजपा स्थापना दिवस में सिवालखास विधानसभा में सह संयोजक के रूप में काम कर रहे पंडित आदेश फौजी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सरूरपुर खुर्द स्थित अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराकर सभी भाजपा के संस्थापक सदस्यों एवं महापुरुषों को जिन्होंने त्याग और तपस्या व कठिन परिश्रम के बल पर लाखों देवतुल्य कार्यकर्ताओं को साथ लेकर सबसे लोकसभा में पहले दो पौधे लगाकर भाजपा को सींचा है उन सभी भाजपा और जनसंघ के सिपहसालारों के चरणों में नमन और वंदन करता किया जिन्होंने अपने त्याग, समर्पण और निस्वार्थ सेवा से भारतीय जनता पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता बनकर बड़ी बुलंदियों पर पहुंचाने का काम किया है। ऐसे भाजपा के हजारों योद्धाओं को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता पंडित आदेश फौजी ने कहा भाजपा राजनीतिक दल के साथ साथ राष्ट्रवादी विचारधाराओं का समुंद्र है। जिसको हमें भारत ही नहीं विश्व में भी भाजपा के गौरवमय इतिहास से पक्ष और विपक्ष दोनों रूबरू कराना है। इस दौरान भगत करनावल, विकास शर्मा, मोहित, सूरज आदि मौजूद रहे।



# सैफी स्थापना दिवस पर समाज ने किया सर्वसमाज का ईद मिलन समारोह




जानू लुहार को सम्मानित करते एहसान स्पोर्ट्स वाले व इकबाल।

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** रविवार को नूरजहां पैलेस हापुड़ रोड पर 51वां सैफी स्थापना दिवस के मौके पर सर्व समाज का ईद मिलन समारोह व सद्‌भावना सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसमाज के जिम्मेदार लोगों ने हिस्सा लेते हुए तय किया गया कि समाज में बुराइयों को दूर कर भाईचारा मजबूत किया जाएगा। समाज में फैली हुई कुरुतियो को दूर किया जाएगा। शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। शादियों में अनाप शनाप खर्चे पर रोक लगेगी। इस बीच होनहार बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

जिसमें एमबीबीएस की छात्र व हायर एजुकेशन के बच्चे शामिल थे, तथा समाज की जिम्मेदार चौधरी व अध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस प्रोग्राम की खासियत ये रही कि सभी समाज के लोगों ने भाग लिया वहीं भाईचारा मजबूत करने पर बल दिया इस मौके पर पूर्व मंत्री शकील भारती सैफी, मंजूर सैफी, बसपा के मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी, अब्बासी समाज की चौधरी इलियास चौधरी अंसारी समाज से बुंदू खा अंसारी, सिख समाज से परविंदर सिंह इशू मलिक समाज से निजाम मलिक अल्वी समाज से फुरकान अली, सत्तार कुरैशी, सिद्दीकी समाज से हाजी जावेद, डॉ. जर्रार सिद्दीकी कारी शफीकुररहमान कासमी, अफ्फान कासमी, कय्यूम सैफी, दिलशाद सैफी, फिरोज सैफी, फैमुद्दीन जब्बार सैफी, रईसउद्दीन सैफी, आफताब सैफी, शाकिर सैफी, वसीम सैफी, युनुस सैफी, नसीम इकबाल सैफी, ननेह सैफी, शफीक सैफी, कारी शफीकुर्रमान ने दुआ कराकर प्रोग्राम का समापन किया।

### मेरठ में आयोजित होगा मेरठ खेल महोत्सव

# 23 से 25 मई तक होगा आयोजन

**मेरठ खेल महोत्सव में दिखेंगे खेल और राजनीति से जुड़े कई बड़े चेहरे**



शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** रविवार पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज (आई.आई. एम.टी) में स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन मेरठ के बैनर तले खेल प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन के संस्थापक, नि. विशेष आमंत्रित सदस्य श्रम मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार नमन भारद्वाज ने करते हुए बैठक मे सम्मलित सभी खेल प्रतिनिधियों का फटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में हॉकी जिला संघ से रजनीश कौशल, फुटबॉल जिला संघ के सचिव वरिष्ठ फुटबॉल कोच ललित पंत, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सूबेदार उचित शर्मा, खो खो जिला संघ के सचिव अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अशोक त्रिपाठी, बास्केटबाल वरिष्ठ कोच ओंकार सिंह, रस्साकशी जिला संघ के सचिव खो खो कोच मनोज कनोंजिया, बैडमिंटन राष्ट्रीय खिलाड़ी आशीष गुर्जर, सर्कल कबड्डी संघ के सचिव राहुल भाटी, वालीबॉल खिलाड़ी हिमांशु भारद्वाज, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भानु, टेनिस बाल क्रिकेट संघ जिला उपसचि. चव अखिल शर्मा, खो खो खेल से संजय भारद्वाज, वालीबॉल से चित्रंक, अंकित, स्पोर्ट्स इंचार्ज विनोद कुमार आदि बैठक में सम्मलित हुए। मेरठ खेल महोत्सव में आयोजित होंगे आठ खेल एक क्रॉस कंट्री, 8 खेलों में वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो खो, टेनिस क्रिकेट, रस्साकशी, कबड्डी, एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री आयोजित होंगे। महोत्सव मई माह में 23 से 25 मई में आयोजित होगा और जिसके ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होंगे जिसकी अंतिम 15 मई 2025 होगी। महोत्सव में पहले आओ पहले पाओ नियम के तहत पंजीकरण रखे जायेंगे। बैठक के अध्यक्ष नमन भारद्वाज एवं खेल प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से खेल महोत्सव आईआईएमटी विश्व. विद्यालय एवं एमएसबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित होंगे। महोत्सव में केवल मेरठ जिले के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे, महोत्सव ओपन ग्रुप में पुरुष एवं महिला वर्ग में आयोजित होगा।

## सुभारती डिफेंस एकेडमी में हुआ मेगा टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय स्थित कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी में मेगा टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया। इस परीक्षा का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और सैनिक स्कूल, राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, भारतीय राष्ट्रीय सैन्य कॉलेज जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के बारे में जागरूकता फैलाना रहा। कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने बताया कि मेगा टैलेंट हंट परीक्षा में कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदित्य सिंह ने कक्षा 9वीं सीनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मनन धामा ने कक्षा 6वीं जूनियर कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया। प्रतिभागियों में यश अवनि, अदनान, आदेश, वंशिका, जतिन, ऋषिका, युवराज, दक्ष, देवान्श आदि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विशेष बताया कि सुभारती डिफेन्स एकेडमी द्वारा युवाओं को प्रेरित कर उन्हें देश की रक्षा सेवाओं से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष रूप से विद्यार्थियों को सेना में रोजगार हेतु एसएसबी, एनडीए, वायुसेना, नौसेना, सेना, तटरक्षक बल, अग्निवीर, पुलिस और अर्धसैनिक बलों आदि में प्रवेश के संबंध में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करके प्रशिक्षित किया जा रहा। साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय रक्षा सेवाओं से जोड़ने का भी प्रयास है।



# धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

## पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी सहित राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख रहे मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी नें रविवार को रामपुर में कहा कि साम्प्रदायिक टशन से संवैधानिक मिशन का अपहरण नहीं किया जा सकता।

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून, धार्मिक आस्था के संरक्षण, प्रशासनिक व्यवस्था के सुधार से भरपूर है।

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने आज रामपुर में भाजपा स्थापना दिवस पर आयोजित एक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुछ निहित स्वार्थी तत्त्वों का ष्साम्प्रदायिक कुंड- साजिशी झुंडष साम्प्रदायिक फसाद में सियासी मफाद ढूंढ रहा है। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि संसद का एक्ट था, संसद ने ही करेक्ट किया है। कुछ लोग जमीन के कानून को आसमानी किताब बताकर अपनी असंवैधानिक उदंडता को संवैधानिक प्रतिबद्धता के दायरे में लाने से रोकना चाहते हैं।

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि साम्प्रदायिक सियासत से संवैधानिक सुधार को बंधक नहीं




बनाया जा सकता। वक्फ सुधार से न ईमान को खतरा है न इस्लाम को नुकसान है। यह सुधार वर्तमान वक्फ सिस्टम के प्रशासनिक संरक्षण, संवर्धन, सशक्तिकरण की संवैधानिक गारंटी है।

पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन पर बहस के दौरान संसद में तर्कों, तथ्यों की कंगाली से जूझ रहे लोग सड़क पर मवाली जैसे व्यवहार में जुटकर, संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक वार के जरिए भय-भ्रम के भंवरजाल में डटे हैं।

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हर संवैधानिक-समावेशी सुधार पर सांप्रदायिक-सियासी वार की हिस्ट्रीशीटर हुड़दंगी जमात की सोंच, सनक, साजिश समाज के सौहार्द के ताने बाने को तार-तार करने की अपराधिक करतूत से भरपूर है।

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने विभिन्न आर्थिक, सामा. जिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक सुधार के जरिए समावेशी, सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण को सशक्त किया है। सुधार पर स्वार्थी प्रहार की पाखण्डी प्रयोगशाला परास्त हो रही है। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत में सुशासन और समावेशी सुधार का अमृत काल चल रहा है, जिसने साम्प्रदायिक छल के रिवाज को सुशासन के मिजाज से छूमंतर किया है। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, पूर्व राज्य मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, नगर विधायक आकाश सक्सेना, उत्तर प्रदेश पिछला वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, नगर पालिका अध्यक्ष बिलासपुर चित्रक मित्तल, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, राकेश मिश्रा, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, पूर्व विधायक युसूफ अली, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, हंसराज पप्पू, कपिल आर्य, अर्चना गंगवार, महा सिंह राजपूत, ऋषि पांडे जागेश्वर दयाल दीक्षित, अशोक बिश्नोई, मोहन लोधी, सुभाष भटनागर, डॉली रंधावा, सुभाष गुप्ता, देवेंद्र नागपाल, पंकज लोधी, संजय पाठक दिलीप अरोड़ा, लक्ष्मी सैनी, शकुंतला लोधी आदि उपस्थित रहे।

# ख्वाजा अब्दुल अजीज मियां के उर्स पर सरकारी चादर पोशी में उमड़े अकीदतमंद

## सालाना 55 वां उर्स भैसोड़ी शरीफ में शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** आज मुर्शिद नगर भैसोड़ी शरीफ मे हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां 55 वां सालाना उर्स शुरू हुआ जिसमें रविवार को सरकारी चादरपोशी के जुलूस में अकीकतमंदो का हुजूम उमड़ पड़ा। तहसील क्षेत्र के ग्राम मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ मे आज से शहीद-ए-मिल्लत, अजीजुल औलिया हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां का 55 वां सालाना उर्स शुरू हुआ। जिसमें सबसे पहले आज दरगाह के सज्जादा नशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह के आस्ताने से सरकारी चादर का जुलूस बाद नामजे असर शुरू हुआ जो गॉव के विभिन्न मार्गो से घूमता हुआ दरगाह शरीफ पर पहुंचा। जुलूस में मौजूद कव्वाल और उलेमा हजरत की शान में नातिया कलाम पेश करते चल रहे थे दरगाह पर पहुंचने के बाद सज्जाद नशीन ने चादर पोशी की चादरपोशी के बाद मौजूद अकीकत मंदो गुलपोशी भी की उसके बाद दुआ हुई। इस मौके पर मुल्क में अमन चौन और खुशहाली के लिए दुआ की गई चादरपोशी के बाद बाद नमाज -ए-ईशा महफिले मिलाद शरीफ का आगाज हुआ जिसमें बाहर से आए उलेमाओ ने अजीजी सिलसिले के बारे में तफसील से बयानात किए। इस मौके पर दरगाह पर महफिले शमा का भी आयोजन हुआ।

जिसमें दूरदराज से आए हुए अकीकतमंदो ने शिरकत की इस मौके पर सज्जाद नशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह सहित हजारों की तादात में मुरीद और अकीदत मंद मैजूद रहे।

# कोतवाली में पूजा अर्चना कर हुआ कन्या पूजन व प्रसाद किया गया वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली स्थित मंदिर पर श्रीराम नवमी पर पूरे बिधि विधान से हवन पूजन के साथ मनाई गई चौत्र नवरात्रि।

कोतवाली मे पूजा अर्चना हुई महानवमी जिसमें मां सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है।इस तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम राम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था,जिसे राम नवमी के रूप में मनाया जाता है। रामलला के जन्मोत्सव की खुशी में मन्दिरों व घरों में पूजा अर्चना व कन्या पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया।वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने भी कोतवाली परिसर में बने मंदिर में वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह तोमर,उप निरीक्षक आदेश कुमार,अमित कुमार व भारी मात्रा मे स्टाफ के साथ मिलकर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।इसके पश्चात कन्यापूजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

# नवमी पर श्री त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ पर किया गया हवन,भंडारा ओर कन्या पूजन

**( हरमेश भाटिया )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रविवार को नवमी के दिनश्री त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ पर नों देवियो का पूजन किया तत्पश्चात हवन किया भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया गया उसके बाद कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ की कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. प्रियंका उपाध्याय ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि माँ आयी 9 दिन अपनी सारी ऊर्जा के साथ पूरे विश्व को आर्शीवाद देकर विदा होकर जा रही है फिर दोबारा आने के लिए आपने जिस भाव के साथ नो दिन कन्याओं का पूजन किया। वैसे ही सब नो दिनों बाद सब ये मत भूल जाना भारत की प्रत्येक स्त्री में वही माँ की शक्ति है तो आप प्रत्येक





स्त्री का सम्मान करते हुए उन्हें पूजे उन्होंने कहा में मैं नारी शक्ति युगे युगे के स्लोगन को लेकर चल रही हूँ उन्होंने कहा मैं चाहती हूँ हमारा भारत अखंड भारत बनें सम्पूर्ण भारत की नारियों का परचम पूरे विश्व मे लहराए। उन्होंने कहा सनातन धर्म पुरातन धर्म है मूल आधार है भारत की संस्कृति कब सनातन धर्म को धारण करे और पूरे विश्व मे शांति की स्थापना करें। इस मोके पर ममता सोनी, कमल चावला, आरती कटियार, रश्मि शर्मा, सुशील सिंह, संगीता शर्मा, ज्योति शर्मा, नंदनी शर्मा आदि मौजूद रही।

# रामनवमी पर कन्याओं को जिमाकर लगाया भोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में भक्तों ने राम नवमी पर सिद्धिदात्री देवी की भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर कन्याओं को खीर पूरी हलवा पूरी से जिमाया ओर कन्याओं को चुनरी उड़ाकर फल दक्षिणा आदि सप्रेम भेंट प्रदान कर उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है। भक्तों द्वारा बताया जाता है कि नवरात्रि के नौवें दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा-आराधना का होता है। माता सिद्धिदात्री को सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली कहा गया है। नवरात्रि के नवम दिन इनकी पूजा और आराधना की जाती है। इन्हें सिद्धियों की स्वामिनी भी कहा जाता है। नवमी तिथि का व्रत कर, माता की पूजा-आराधना करने के बाद माता को तिल का भोग लगाना इस दिन कल्याणकारी रहता है। यह उपवास व्यक्ति को मृत्यु के भय से राहत देता है और अनहोनी घटनाओं से बचाता है। नवरात्रि में माता दुर्गा के नौ अलग - अलग रूपों की पूजा की जाती है, शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता,



कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है ।साथ ही राम नवमी की एक खास बात यह भी है कि इस दिन अयोध्या के राजा दशरथ के घर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। श्रीराम माता कौशल्या के पुत्र और अपने भाइयों में सबसे बड़े थे। इस दिन भगवान राम की विशेष रूप से पूजा की जाती है। रामनवमी पर राम भक्त व्रत रखते हैं, पूजा करते हैं और रामलला के जन्म का उत्सव मनाते हैं। भक्तों ने बताया कि राम नवमी मनाने का उद्देश्य भगवान राम के जन्म का जश्न मनाना और उनके आदर्शों को याद करना है. यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। राम नवमी को हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक माना जाता है। कन्याओं को भोजन जिमाने के लिए भक्तों ने प्रातः काल से ही अपने अपने घर बुलाकर ले जाकर बड़े ही भक्ति भाव से उन्हें जिमाया कही कही कन्याओं का मिलना बड़ा ही कठिन पड़ा तथा नवरात्रि पर प्रशासन भी अलर्ट रहा।

## रामनवमी पर मिलक में धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई

# पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार और समाजसेवी सुशील गुप्ता ने सयुंक्त रूप से किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में हिंदू संगठनों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में मनमोहक बैंड आतिशबाजी अखाड़े का प्रदर्शन सुंदर-सुंदर झांकियां के साथ नगर में शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर पशु चिकित्सालय स्टेशन रोड नई बस्ती पटवाई रोड तीन बत्ती चौराहा से होते हुए किड्स प्राईड अकैडमी नवदिया चौराहा पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद के सहयोग से निकली गई। इस दौरान मुख्य वक्ता यशपाल क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख विहिप मेरठ क्षेत्र मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा तथा प्रमुख समाजसेवी सुशील कुमार गुप्ता के द्वारा शोभा यात्रा का नारियल तोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक वतन कुमार बालाजी दरबार समिति के महंत अभिषेक मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अमरनाथ वाल्मीकि, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, मुख्य वक्ता सोहनलाल सोलंकी, संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष संजीव गुप्ता, मुकेश पटेल, अमृत गौड़, विकास रोहिल्ला, राहुल गुप्ता, संस्कार गुप्ता, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन जगह-जगह मुस्तैद रहा।

# पंखा गिरने से बाल-बाल बचे कांग्रेस नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बाल-बाल बचे कांग्रेस युवा नेता शाजमान आर्यन शाहाबाद नगर में स्थित बजरंग चौराहे पर पर शाजमान आर्यन की लेडीज शूज की दुकान है। रोजमर्रा की तरह रविवार की सुबह के समय वह अपनी दुकान खोली और बाहर साफ सफाई में लग गए। और देखते ही देखते दुकान की छत पर लगा पंखा अचानक नीचे गिर गया जिससे कांग्रेस नेता शहजमान आर्यन एक बड़ी अनहोनी से बच गए अचानक चलते-चलते ऊपर से गिर गया यह सारी घटना वहां लगे एक सी सी टीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो गया। इसके बाद कांग्रेस नेता ने अल्लाह का शुक्र अदा किया। एक कहाबत है जाको राखो साईयां मार सके ना कोई।

# शाहबाद मंडी में गेहूं खरीद क्रय केंद्रों का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार को शाहाबाद मंडी में गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव और नायब तहसीलदार शाहाबाद उपस्थित रहे। मंडी में सभी सेंट्रो पर गेहूं क्रय किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मंडी में पानी की व्यवस्था सही पाई गई। मंडी में उपस्थित किसानों से वार्ता की गई किसानों के द्वारा बताया गया कि गेहूं खरीद में उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। मंडी प्रांगण में लगा हुआ एक आर ओ खराब पाया गया जिसे मंडी सचिव को तत्काल सही कराए जाने के निर्देश दिए गए।



हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी के दूसरे गेट के सामने गली में
सम्पर्क सूत्र 9720093014
7906773314

# गौशाला बनी श्मशान घाट, चार दिन में 6 गौवंशों की मौत

## विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण गौशाला की स्थिति बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** जनपद में स्थित बदरखा गांव की गौशाला में गोवंशों की स्थिति बेहद दयनीय है। यहां चार दिनों में छह गोवंशों की मौत हो चुकी है। गौशाला में न तो हरा चारा है और न ही पानी की उचित व्यवस्था। गौवंशों की बदहाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

ग्राम पंचायत बदरखा की गौशाला में गोवंशों की देखभाल के लिए चार केयरटेकर नियुक्त हैं। लेकिन मौके पर कोई भी मौजूद नहीं मिला। दो मृत बछड़े खुले में पड़े हैं, जिनका तीन दिन बाद भी अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। राज्य सरकार गौशाला के उपर काफी खर्च कर रही है उसके पश्चात भी बदरखा की गौशाला मे गौवंशो की हालत बदहाल है। पूर्व मे भी गौवंशों की बदहाली का एक वीडियो वायरल हो चुकी है लेकिन इसके बाद भी आजतक बदरखा गांव की गौशाला की स्थिति मे सुधार नही हो पाया है। वायरल वीडियो में गौशाला में कई गौवंशो के शव क्षतविछत अवस्था में पडे हैं। जिनको कुत्तों ने भी नोच रखा है। वीडियो वायरल होने पर गौवंश प्रेमियो में काफी आक्रोश पनप रहा है। तेज धूप में कई गायें और बछड़े बेहोशी की हालत में पड़े हैं। प्यास से तड़पते कई गोवंशों ने गौशाला में पढे-पढे ही दम तोड़ दिया। विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण गौशाला की स्थिति बिगड़ी है। प्रदेश सरकार गोवंशों की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से गौशालाएं बनवाई जा रही हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से योजना का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। बड़ौत के एसडीएम मनीष यादव का कहना है कि उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।




# तीन साल से बनकर तैयार है कॉलिज, शिक्षण कार्य से वांछित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांव बिलोचपुरा में एक कन्या इंटर कॉलेज 3 साल से बनकर तैयार है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण आज तक इसमें कोई शिक्षण कार्य शुरू नहीं किया गया जो वाकई बहुत दुर्भाग्य की बात है। इस क्षेत्र की ना जाने कितनी लड़किया इस स्कूल के शुरू ना हो पाने के कारण आठवीं पास करने के बाद ही अपने घर बैठ गयी।

करोड़ो रुपया खर्च होने के बाद भी प्रशासन शांति से बैठा हुआ है ओर क्षेत्र की समस्या भी जस की तस है। नया वित्तीय वर्ष व शिक्षण सत्र भी शुरू हो चुका है। ग्रामीणों व क्षेत्रवासियो के कई बार मांग करने के बाद भी आज तक जिला प्रशासन से कोई उचित जवाब नहीं मिल पाया। इसी सिलसिले में जिला प्रवक्ता, किसान मजदूर संगठन बागपत, परवेज अहमद के नेतृत्व में व दिलशाद प्रधान बिलोचपुरा की अध्यक्षता में गांव बिलोचपुरा के जिम्मेदार लोगो से एक बैठक हुई जिसमे तय हुआ कि अगर प्रशासन 21 अप्रैल 2025 तक इसका कोई उचित जवाब नहीं देता है तो किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नु मलिक के नेतृत्व मे इसके लिए एक बड़ा आंदोलन करेगा। बैठक में इदरीस खान, साजिद, इक़बाल, हाजी कादर, हाफिज अलीमुद्दीन, हाजी सलाउद्दीन, हाजी अनीस, यामीन, महताब, यूनुस, इमरान खान, मास्टर रियाजुद्दीन, सावेज, बिजेंद्र, अनिल, सोनू बेदी आदि मौजूद रहे।



# सिरसली के शहीद राकेश को दी नम आंखों से श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के सिरसली गांव में रविवार को हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में गत 15वर्ष पूर्व आतंकियों के हमले में शहीद हुए राकेश कुमार को अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारियों व ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सिरसली गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र बिजेंद्र 62 बटालियन में तैनात रहते हुए 6 अप्रेल 2010 को दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ में आतंकियों के हमले में शहीद हो गए थे। उनके पैतृक गांव में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आरएएफ नोएडा के सहायक कमांडेंट राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि देश के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले वीरों को भुलाया नही जा सकता। राकेश ने भी बलिदान देकर गांव व जनपद का गौरव बढ़ाया है। ग्रुप केंद्र नोयडा के एसआई राकेश शर्मा, गोपाल सिंह एस एस बनर्जी आदि ने स्वजन व गणमान्य ग्रामीणों के साथ बलिदानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान यशपाल, राजेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सुरेन्द्र, सन्नी, देवी सिंह, ओमवीर, ओमप्रकाश निरंकार उम्मैद आदि मौजूद रहे।



# अधिवक्ताओं के सम्मान में किया सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, बड़ौत ने अपनी स्थापना के 10 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन बागपत के अधिवक्ताओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल विद्यालय की प्रगति का प्रतीक बना, बल्कि समाज के शिक्षित वर्ग के साथ संवाद और समन्वय का एक प्रेरणादायक मंच भी सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत कुमार ने की। शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक और सौम्य बना दिया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हंस कुमार जैन, प्रबंधक बिजेंद्र कुमार जैन, समिति सदस्य अनुज जैन, अंकुर जैन, ऋषभ जैन, अक्षत जैन आदि ने अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन बागपत के अध्यक्ष नीरज सिंह सहित कई वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडवोकेट नरेंद्र पाल शर्मा, एडवोकेट जसपाल सिंह राणा, एडवोकेट देवेंद्र आर्य, एडवोकेट विजय पाल सिंह तोमर, एडवोकेट सुभाष सिंह, एडवोकेट राहुल चौधरी, एडवोकेट अजय शंकर शर्मा, एडवोकेट नरेंद्र सिंह मान, एडवोकेट आयुष गुप्ता, एडवोकेट दीपक जैन, एडवोकेट मोइद्दीन, एडवोकेट देवेंद्र धामा, एडवोकेट अभिनव सिंह, एडवोकेट अंकित लपराणा, एडवोकेट रविंद्र सिंह राठी, एडवोकेट भीम पवार एवं एडवोकेट संजय तोमर शामिल रहे।




## एक नजर

# पुलिस ने चोरी का खुलासा कर चोरी हुए आभूषण व नकदी की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** एक पखवाड़े पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए थाना पुलिस ने सोने व चांदी के गहनों सहित नकदी तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

बता दें कि गत 22 मार्च को वादी मुफ्ती रगीब प्रवेज पुत्र जब्बार निवासी ग्राम हिलवाड़ी हाल निवासी मौ.पठानकोट ने लिखित तहरीर दी कि, 21 मार्च को किसी अज्ञात चोर द्वारा मौ पठानकोट बड़ी मस्जिद कस्बा बडौत से वादी के कमरे में लगे ताले तोड़कर तथा उसमें रखी अलमारी का भी ताला तोड़कर , उसमें रखे सोने व चाँदी के आभूषण तथा 28500 रुपये की चोरी कर ली है। थाना पुलिस द्वारा उक्त चोरी का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी की हुयी एक जोड़ी पायल ,3 अंगूठी, एक जोडी चुटकी, एक गले का हार, एक जोडी झुमके , 1350 रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल हीरो स्प्लेन्डर प्लस बरामद हुई है। घटना का खुलासा करने वाली टीम का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उमर फारुख पुत्र तोसिन निवासी ग्राम कुलन्जन थाना सरधना जनपद मेरठ का रहने वाला है।

# जनता दरबार लगाकर अपर जिलाधिकारी ने सुनी जन शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम द्वारा क्षेत्र के लोगों की जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया। शिकायतों से संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

शनिवार को एडीएम पंकज कुमार द्वारा लोगों की शिकायतें सुनी गई। शिकायतों में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी, जल भराव, बिजली कटौती, अतिक्रमण, निर्माण में देरी, राशन वितरण में धांधली, चकबंदी आदि की समस्याएं रही। इसके अलावा आपराधिक मामलों में पुलिस द्वारा कार्रवाई में की जा रही देरी पर भी चिंता जताई गई। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र जांच कर समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम मनीष कुमार यादव, नायब तहसीलदार अतुल कुमार रघुवंशी, बीडीओ ज्योति बाला, नगर पालिका जेई शिखा दुबे, एसडीओ सिंचाई एसपी सिंह आदि रहे।

# रामनवमी के अवसर पर नगर में निकाली शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में बड़ौत नगर मे जनता वैदिक इंटर कॉलेज में रामनवमी के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नितिन गोस्वामी जिला मंत्री ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी कविंद्र तोमर ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित राणा सुधीर मान रहे।

यह शोभायात्रा जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में शुभारंभ की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज. कुमार डूंगर ने कहा कि भगवान राम के जीवन को आत्मसार कर हमें उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। संपूर्ण मानव जीवन भगवान राम के जीवन की प्रेरणा लेकर हम उनके जीवन को आत्मसार करें भगवान राम के जीवन में समरसता पिता की आजा भाई का प्रेम आदि अनेकों ऐसे कथानक है जिसे हम अपने समाज जीवन में जिस प्रकार का हमें व्यवहार करना चाहिए उस प्रकार का भगवान राम ने पिता की आज्ञा से जी पुत्र का पूर्व राज्य अभिषेक होना था। पिता की आज्ञा से 14 वर्ष वनवास जाना स्वीकार किया यह पिता की आज्ञा का प्रतीक है। उन्हें कहा कि राम नवमी यात्रा पूरे भारत वर्ष में हर वर्ष बहुत हर्षोल्लास के साथ निकली जाती है। इस वर्ष बड़ौत नगर में भव्य यात्रा का आयोजन किया गया है। बड़ा ही हर्ष का विषय है शोभा यात्रा का प्रारंभ जनता जनता वैदिक इंटर कॉलेज से शुरू होकर अग्रसेन मूर्ति गांधी रोड अतिथि भवन संजय मूर्ति आदि मुख्य मार्ग से होकर गयी। सभी मुख्य स्थान पर व्यापारियों द्वारा पुष्प की वर्षा की गई साथ के साथ जय श्री राम का नारा भी लगाते रहे। इसमें सभी हिंदू समाज वह माताएं बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



# गांव की सुख शांति के लिए किया सामूहिक यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के गाँव लुहारी में लगातार हो रही नवयुवकों एवं ऐसे में जनहानि से की दुर्घटना एवं असमय जनहानि मौत से परेशान होकर समस्त ग्रामवासियों एवं शहीद भगतसिंह क्लब के युवाओं ने मिलकर मैंने बाज़ार चौक ग्राम लुहारी में एक वैदिक सामूहिक सर्वजातीय विधि विधान द्वारा वैदिक सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया।

गाँव की सुख शांति एवं हो रहे नुक़सान को दैविक एवं भौतिक आपदा मानते हुए समस्त ग्रामवा. सियों ने हवन का आयोजन किया। इस मौक़े पर मुख्य वक्ता चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा कि आज कल हम अपनी परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। पहले साप्ताहिक मासिक वैदिक यज्ञ हुआ करते थे। दान पुण्य भंडारा किया करते थे। अब आधुनि. कता भरी दौड़ भाग में वैदिक कर्म कम हो गए हैं। हमें ऋषि मुनियों एवं प्राचीन सभ्यताओं को संस्कृतियों को नहीं छोड़ना चाहिए। आदर्श जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डा.संजीव आर्य ने कहा कि यज्ञ हवन से धर्म कार्यो से बड़े से बड़ी कठिनाई समस्याओं को भी टाला जा सकता है। भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी नेभी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में आचार्य योगेन्द्र शास्त्री द्वारा यज्ञकर्म कराया गया। शहीद भगत सिंह क्लब के कुलदीप सिंह दांगी,अनिल कुमार, अजीत सिंह एडवोकेट, मा. संजीव कुमार, अशोक कुमार मेडिकल, जयपाल सतपाल दौला, कृष्णपाल, भीम सिंह, तेजपाल सिंह संसार सिंह, वीरेंद्र सिंह दरोगा, महिपाल सिंह, हरिंद्र दांगी किसान यूनियन, रमेश शर्मा, बालेश्वर दयाल शर्मा, बबलू सिंह, आदि मौजूद रहे।



# मदरसे में धार्मिक जलसे का आयोजन कर की अमन चैन की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शनिवार को बिजरौल गांव के जामिया इस्लाहुल मुसलमीन मदरसे में एक धार्मिक जलसे का आयोजन किया गया जहां पर मौलानाओं ने अपने मजहब एवं दीन के बारे में तकरीर पढ़ी। वहीं अमन और चैन के दुआ मांगी। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही।

जलसे के दौरान मुफ्ती अयूब व मौलाना साबिर ने मजहब एवं दीन के बारे में अपनी तकरीर पढ़ी। इसके बाद जलसे में विभिन्न शहरों से आए मौलानाओं ने दुनिया के लिए अमन व चैन की दुआ मांगी। कहा कि दुनिया में हमेशा शांति रहनी चाहिए। उन्होंने आपसी भाईचारे का भी संद. श दिया। जलसे में दूर दराज से मुस्लिम समाज के लोगों के अलावा हिंदु समाज के लोगों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान मदरसे में पढ़ने वाले आठ विद्यार्थियों की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहे। इस अवसर पर कारी तालिब, आकिब जैनुद्दीन, मोहम्मद आसिफ, मौलाना मोहम्मद अकील ने विचार रखे। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद राशिद देवबंद, मौलाना अलीम, कारी कासिम बागपत, मुफ्ती खालिद फूंस वाली मस्जिद, यशपाल चौधरी, गौरव बड़ौत, विक्रम आर्य, विपिन ढिकाना व संजीव आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने समाज की एक लडकी की शादी में सहयोग कर दी भाईचारे की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूम गांव के ग्रामीणो ने एक बार फिर भाई चारे की मिसाल को कायम किया है। बीते एक वर्ष पूर्व मे ग्रामीणों ने एक हिन्दू समाज की गरीब लडकी की शादी आपस में मिलजुल कराई और लडकी की शादी का पूरा खर्च भी उठाया था। रविवार को भी लूम गांव के ग्रामीणो ने एक मुस्लिम समाज की एक लडकी की शादी मे भाई चारा दिखाते हुए उसकी शादी मे सहयोग किया।

जानकारी के अनुसार लूम गांव की एक मुस्लिम समाज की लडकी की शादी का दिन 6 अप्रैल का रखा गया था। लडकी का पिता लगभग 14 वर्ष पूर्व दुनिया से गुजर गया था जिसके चलते परिवार के सामने आर्थिक संकट बन गया था। लूम गांव निवासी सालिम बीडीसी संजीव प्रदीप मास्टर विजेंद्र सिंह आदि को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होने लडकी के घर पर जाकर उसने बात चीत की तो उन्होंन बताया कि हमारे पास पर्याप्त रूप से इतने पैसे नही है जिससे हम अपनी लडकी की शादी मे जरूरत का सामान लडकी को दे सके। यह सुनकर एक टीम बनाई और ग्रामीण को सहयोग करने की बात कही। कुछ लोगो के पास जाकर उनको इसकि जानकारी दी तो गांव वालो ने भाई चारा दिखाते हुए भरपुर सहयोग किया और लडकी की शादी मे जरूरत का सामान दिलवाया। इस नेक कार्य में ग्राम प्रधान बहादुर सिंह ,छपरौली थाना अध्यक्ष देवेश कुमार, बबलू ठेकेदार ,सालिम बीडीसी, हाजी इकरामूदीन, निटू बीडीसी, संजीव ,परोपकार ,उपेन्द्र, मनीष , जेवीर ,प्रदीप मास्टर, विजेंद्र सिंह, शोकिन,आदित्य ,बबला डीलर, इज़हार मास्टर, सुनील डीलर, आदि गांव वालो का भरपूर सहयोग रहा। ग्राम प्रधान बहादुर सिंह प्रधान ने कहा की यदि गांव मे ऐसे ही सहयोग से गरीब लडकी की शादी की जाए तो किसी भी गरीब परिवार के लिए बच्ची की शादी करना मुश्किल नही होगा।



# चैत्र नवरात्रि रामनवमी के अवसर पर किया कन्या पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि रामनवमी कन्या पूजन किया गया। जगह-जगह कन्याओं को भोजन कराकर सभी श्रद्धालुओं ने रविवार को अपना उपवास खोल दिया। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मस्तक झुकाकर अपनी मन्नत मांगी। सुबह सवेरे शुभ मुहूर्त के साथ कन्याओं को भोजन कराया गया। कन्याओं को चुनरी भेंट करते हुए श्रद्धालुओं ने सभी को प्रसाद का वितरण किया। हलवा पूरी चने यह प्रसाद के साथ जगह-जगह भंडारे भी किए गए। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन यानी रामनवमी पर देवी सिद्धिदात्री मां की पूजा अर्चना की गई व सुख शांति के लिए जगह-जगह यज्ञ हवन किए गए। सभी श्रद्धालुओं ने कन्याओं के पेर छूकर गंगाजल सेवा की।



# कहरका गाँव में कबड्डी प्रीमियम लीग का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कहरका गाँव में कबड्डी प्रीमियम लीग का आयोजन रविवार को दिन-रात के रोमांचक प्रारूप में शुरू हुआ। इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में केटी भैया शामिल हुए, जिनका गाँव वालों ने साफा बांधकर भव्य स्वागत किया। टूर्नामेंट में दो वजन श्रेणियों 45 किग्रा और 60 किग्रा में मुकाबले आयोजित किए गए।

मुख्य अतिथि केटी भैया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के प्रति जुनून और समर्पण के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने आयोजन समिति को इस तरह के टूर्नामेंट को आगे भी जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और सभी टीमों को शुभकामनाएँ दीं। 45 किग्रा वर्ग में कहरका-ए ने ककरोला को हराकर जीत हासिल की। वही बजरंगबली क्लब और जेपी साधपुर के बीच हुए मुकाबले में जेपी साधपुर विजयी रहा। वीर सावरकर ने एससीएफ अकादमी को मात देकर जीत दर्ज की।

60 किग्रा वर्ग में रेशम रामनगर ने केटी विंग को हराकर शानदार जीत प्राप्त की। शामली और सुन्हेडा के बीच हुए मुकाबले में सुन्हेडा विजेता बना। वही थाना भवन ने दादा देव दिल्ली को पराजित कर जीत अपने नाम की। और सिरोही स्पोर्ट्स ने शिवा शेडपुर को हराकर मुकाबला जीता। इस अवसर पर केटी विंग से रामअवतार (चेयरमैन), हम्बीर सिंह, विशाल चौधरी, शक्ति सिंह, कृष्ण पांचाल, मांगे राम त्यागी, सूरज पांचाल, टिंकू पांचाल और मोहित पांचाल मौजूद रहे। यह टूर्नामेंट गाँव में खेल भावना को बढ़ावा देने और युवाओं के उत्साह को प्रज्वलित करने का एक शानदार मंच साबित हुआ।



# शराब का ठेका खोले जाने पर विवाद, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र के गांगनौली गांव में अंग्रेजी शराब और बियर का ठेका खोले जाने का विवाद गहरा गया है। सैकड़ों ग्रामीणों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित ठेके से महज 150 मीटर की दूरी पर सूर्य मंदिर और शिव मंदिर स्थित हैं। साथ ही यह स्थान आबादी क्षेत्र के बेहद नजदीक है। उनका आरोप है कि लगातार विरोध के बावजूद जबरन ठेका खोला जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठेके के कारण क्षेत्र का माहौल खराब होगा। शराब खरीदने आने वाले लोग अक्सर झगड़ा करते हैं और ग्रामीणों के साथ मारपीट की घटनाएं होती हैं। इससे छात्र-छात्राओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। प्रदर्शन में सुरेश राठी, मनोज राठी, गजेंद्र राठी, सत्येंद्र राठी समेत कई पुरुष और महिला ग्रामीण शामिल हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि वे किसी भी स्थिति में ठेके को नहीं खुलने देंगे। इस मामले में बड़ौत के एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेका केवल मानकों के अनुरूप ही खोला जाएगा।



# शौचालय टैंक में गिरा सांड गौसेवकों ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र की पट्टी मादान में एक आवारा सांड शौचालय निर्माण के लिए बनाए गए टैंक में गिर गया। घटना शनिवार की देर शाम की है। स्थानीय निवासी हरपाल अपने मकान में शौचालय का निर्माण करा रहे थे। मकान के बाहरी छोर पर शौच टैंक बनाया जा रहा था। अचानक एक आवारा सांड इस टैंक में गिर गया। इससे परिवार और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने सांड को बाहर निकालने का प्रयास किया। देर रात तक प्रयास जारी रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद गोसेवक वासु मो. हित को सूचना दी गई। रविवार को गौ सेवक वासु और मोहित अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी मशीन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। कई घंटों की मेहनत के बाद सांड को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गोसेवकों ने सांड का तुरंत उपचार भी कराया। बचाव कार्य के दौरान सुमित, सारंग, अमित, पप्पू सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# लापरवाह पांच पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

■ अनुपस्थित रहना किसी भी सूरत में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: एसएसपी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने ड्यूटी में लापरवाही और गैरहाजिरी के आरोप में दो हेड कांस्टेबल सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ शब्दों में कहा है कि पुलिस विभाग में अनुशासन सर्वोपरि है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही या बिना सूचना के अनुपस्थित रहना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के तहत पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह रिजर्व पुलिस लाइन, हेड कांस्टेबल लईक अहमद थाना बारादरी, कांस्टेबल बोबी कुमार रिजर्व पुलिस लाईन, महिला कांस्टेबल मायावती थाना नवाबगंज और अनुचर विक्की कश्यप रिजर्व पुलिस लाइन पर एसएसपी ने निलंबित कर दिया। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में कोई भी कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही या गैरहाजिरी करता है तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कदम से पुलिस विभाग में अनुशासन और कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने की कोशिश की जा रही है।

# लेखपाल का तालाब का पट्टा दिलाने के नाम पर रिश्वत लेते वीडियो वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सोरहा के एक किसान से तालाब का पट्टा दिलाने के नाम पर 52 हजार रुपये की रिश्वत लेने वाले लेखपाल का वीडियो वायरल हुआ है। किसान ने मामले की शिकायत डीएम से की है। डीएम ने जांच का आदेश दिया है।

गांव सोरहा के किसान जगदीश के मुताबिक जून 2024 में ग्राम सभा की भूमि पर स्थित तालाबों के पट्टे किए जा रहे थे। उसने गांव के तत्कालीन लेखपाल को 52 हजार रुपये पट्टा दिलाने के बदले में दिए, लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी न तो पट्टा बना और न ही पैसे लौटाए गए। इसी दौरान किसी ने लेखपाल को रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद कर लिया, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। जगदीश ने डीएम कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। नवाबगंज एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि अब तक हमारे पास इस मामले में कोई भी आधिकारिक प्रार्थना पत्र नहीं आया है। वैसे भी लेखपाल को पट्टा आवंटित करने का कोई अधिकार नहीं है। यदि शिकायत मिलती है और जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बीती देर रात हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक रात के समय घर से ईंट के भट्टे पर काम करने जा रहे एक मजदूर को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा। इसी दौरान जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, साथ ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर निवासी 28 वर्षीय गबडू राजपूत पुत्र लाला राम राजपूत की बीती रात घर से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, उसके घर वालों ने बताया कि गबडू घर से कुछ ही दूरी पर स्थित लकी ईंट भट्टे पर काम करता था, और रात लगभग डेढ़ बजे घर से ईंट के भट्टा पर जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।



वहीं पीछे चल रहे कुछ साथी मजदूरों ने घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी, जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी, और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गबडू 6 बेटों का पिता था। पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नवरात्रि पर घरों में कराया गया कन्या भोज



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नवरात्री के आखिरी दिन मंदिरों में दुर्गा मां की विशेष अराधना की गई। इस मौके पर देवी स्वरूप कन्याओं के पैर धोकर व आसन पर बिठाकर भोजन कराकर उन्हें उपकार भेंट किये। इसके साथ ही लोगों ने मां स्वरूप कन्याओं का पूजन भी किया।

रविवार को नवरात्रि के आखिरी दिन मंदिरों और घरों में माँ दुर्गा की पूजा की गई। घर-घर कन्यायों को भोज कराकर यश, वैभव और सफलता की कामना की गई। होली चौराहे पर चुन्नीलाल कनौजिया के परिवार के लोगों ने माता के नौ व्रत पूरे किये, और हवन संपन्न कराकर कन्या भोज कराया। नवरात्रि के नौवें दिन मां की पूजा का विधान है। इस अवसर पर लोगों ने माता का श्रृंगार कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के मंदिरों में ढोलक बजाकर महिलाओं ने देवी को प्रसन्न करने के लिए छन्द भी गाए।

# शिलापट पर ग्राम का नाम लिखवाए जाने की मांग

■ ग्रामीणों ने विधायक आवास पर किया प्रदर्शन, सौंपा पत्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** बरेली-पीलीभीत सीमा पर बसे गांव अधकटा नजराना में बने अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण भले ही प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा कर दिया गया हो, लेकिन इसके लोकार्पण के शिलापट पर गांव का नाम नहीं होने का मुद्दा दिन व दिन जोर पकड़ता जा रहा है। रविवार को दर्जनों ग्रामीणों ने नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के आवास पर पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया।

ग्राम के मेधावी किसान क्लव के अध्यक्ष रामपाल गंगवार के नेतृत्व में ग्राम के दर्जनों लोगों ने अटल आवासीय विद्यालय के शिलापट के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए होडिगों से ग्राम का नाम नदारद होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को दिया गया, जिसमें अटल आवासीय विद्यालय के शिलापट पर गांव का नाम दर्ज कराए जाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि ओसवाल ग्रुप को ग्राम के लोगों ने नौकरी लगवाए जाने के आश्वाशन और मिल लगाए जाने के लिए 12 सौ बीघा जमीन दी थी, लेकिन सीलिंग कानून के चलते जमीन ग्राम समाज में दर्ज हो गई। ओसवाल ग्रुप ने न तो फैक्ट्री लगाई और न ही किसानों को नौकरी मिल सकी, लेकिन इतने प्रोजेक्ट ग्राम में बनने के बाद और अटल आवासीय विद्यालय के लोकार्पण के शिलापट से गांव का नाम गायब कर दिए जाने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। उन्होंने तत्काल ही ग्राम के नाम लिखवाए जाने की मांग एसडीएम से की है।

विधायक के आवास पर प्रदर्शन करने वालों में ग्राम के पूर्व प्रधान रामचन्द्र गंगवार, भूपराम, प्रेमशंकर, हेतराम, उमाचरन, कोमिल प्रसाद, रफीक अहमद, सोहन लाल, सोमपाल गंगवार, डालचंद, राम. निवास, सुनील कुमार, जगदम्बा प्रसाद, तिलकराम, बेचेलाल, रामभरोसे लाल, रतन लाल, करन, ओमेंद्र पाल, उमाशंकर, नारायनलाल, जगपाल सिंह, गौरव, शिशुपाल आदि मौजूद रहे। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने पत्र को मुख्यमंत्री तक पहुंचाए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है।

## एक नजर

### ईंटभट्ठा मजदूर की पत्नी नकदी जेवर लेकर दोस्तों के साथ फरार, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** शादी के ढाई माह बाद ही ईंट भट्ठा मजदूर की नवविवाहित पत्नी अपने तीन दोस्तों के साथ घर में रखी नकदी व जेवर लेकर फरार हो गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसकी शादी 14 जनवरी को सुधा पुत्री सुक्कन निवासी ग्राम धामनी रिवाय बुलंदशहर के साथ हुई थी। तीन अप्रैल को वह पत्नी को घर पर छोड़कर भट्ठे पर मजदूरी करने गया था। शाम को मजदूरी करके जब वह घर पहुंचा तो पत्नी घर पर नहीं थी। वह अक्सर फोन पर लव कुश, पुष्पेंद्र व अनिल से फोन पर बात करती थी। पूछने पर उन्हें दोस्त बताती थी। घर से पत्नी सोने चांदी के जेवरों के साथ 70 हजार रुपये भी साथ ले गई है। शिकायत पर पुलिस ने उपरोक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ बहला फुसलाकर महिला को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### वेंटिलेटर का शीशा तोड़कर लाखों की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** बंद मकान की विंडो के वेंटिलेटर का शीशा तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखी कई लाख की सोने की ज्वैलरी और नगदी चुरा ली। गृह स्वामी मकान में ताला डालकर रिश्तेदारी में शादी में गया हुआ था। घटना की तहरीर पुलिस में दे दी गई है। ग्राम जाम सावंत जुनूबी का इरफान पुत्र बुंदन घर में ताला डालकर परिवार सहित बहादुरगंज में मौसेरे भाई की शादी में गया हुआ था। रात में किसी समय चोर उसके मकान की खिड़की के वेंटिलेटर का शीशा तोड़कर घर में घुस गए। चोर उसके कमरे में रखी अलमारी से सोने चांदी के जेवर और 70 हजार की नगदी चुरा ले गए। जब इरफान को चोरी का पता चला तो वह घर पहुंचा तो देखा सारा सामान बिखरा पड़ा था, और अलमारी में रखा जेवर गायब था। उसने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### आठ अप्रैल से भरे जाएंगे स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा के ऑनलाइन फार्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** स्नातक विषम सेमेस्टर के परिणाम जारी होते ही रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। विश्व. विद्यालय ने परीक्षा फार्म भरने की तिथि तय कर दी है। परीक्षा मई मध्य के बाद या फिर जून में शुरू हो सकती हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक स्तर पर संचालित बीए, बीएससी और बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म आठ अप्रैल से ऑनलाइन भरे जाएंगे। विद्यार्थी 24 अप्रैल तक फार्म भरने के साथ शुल्क जमा कर सकेंगे। 26 अप्रैल तक विद्यार्थियों को भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

### रील बनाने के अशन में युवक ने तमंचा लहराया, तलाश में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** सोशल मीडिया पर एक रील वायरल हो रही है। जिसमें एक युवक तमंचा लहराते हुए दिखाई दे रहा है। रील में स्टीकर पर शानू नाम के युवक के लिए गाली लिखी गई है। बैक ग्राउंड में खून में फितरत गंदी है, वाला गाना लगा है। रील वायरल होने के बाद किसी ने पुलिस ने शिकायत कर दी। अब थाना किला पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है। बताया जाता है कि युवक किला थाना क्षेत्र के साहूकारा का रहने वाला है। रील कुछ दिनों पहले ही शूट की गई है। या गया है। इंस्पेक्टर किला राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश रह रही है

### नगर निगम की टीम के साथ मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** बन्नूवाल नगर अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम के साथ पीलीभीत में तैनात सीआईडी के दरोगा और परिवार के लोगों ने मारपीट व गाली गलौज की। दरोगा जेसीबी के सामने बेल्ट निकाल कर खड़ा हो गया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी के साथ मौके पर जाकर पुलिस को बुलाया। इसके बाद खुद खड़े होकर अतिक्रमण को जेसीबी से तुड़वा दिया।

निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि वीर सावरकर नगर स्थित छोटी विहार के बन्नूवाल नगर फेस दो में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सड़क निर्माण किया जाना है। यहां निर्माण कार्य में सड़क पर निकले रैंप आदि बाधा बन रहे थे। इसके हटाने के लिए शनिवार की सुबह जेई वीर प्रताप पटेल, सुपरवाइजर व अन्य टीम के साथ पहुंचे। सड़क निर्माण में बाधा बन रहे करीब 100 मीटर से अधिक की रैंप आदि को तोड़ा जाना था।

जब टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया तो बन्नूवाल नगर में रहने वाले पीलीभीत में तैनात सीआईडी में उपनिरीक्षक, उनके पुत्र और परिवार के सदस्यों ने विरोध करते हुए जेसीबी को रोककर कर्मचारियों और जेई के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज व मारपीट की। इसकी सूचना मिलने पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के साथ हम लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी बुला लकया। इसके बाद उपनिरीक्षक को कार्रवाई की चेता. वनी देते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। रैंप बनाकर सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दरोगा और उसके परिजन नगर आयुक्त के सामने तेवर दिखाने लगे।

इस पर नगर आयुक्त ने सख्ती दिखाते हुए मुकदमा लिखाने और पुलिस विभाग से कार्रवाई कराने की चेतावनी दी तो दरोगा के तेवर नरम पड़ गए। आसपास के लोगों ने नगर आयुक्त को बताया कि अतिक्रमण होने के कारण परेशान थे लेकिन दरोगा के सामने किसी की बोलने की हिम्मत नहीं होती थी। वह बात-बात में लड़ जाते थे।

# जज के गार्ड पर दिखाई अपनी रौब हुआ मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** एक अपर सत्र न्यायाधीश के गार्ड से एक शख्स को गाली गलौज कर बदतमीजी करना भारी पड़ गया। जिसके बाद आरोपी शख्स के खिलाफ कोतवाली में मुक. दमा पंजीकृत किया गया। सूत्रों की मानें तो आरोपी शख्स एक चर्चित न्यूज चौनल के पत्रकार व अधिकारियों का रौब दिखाकर गार्ड से अभ्रद भाषा का इस्तेमाल कर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

थाना कोतवाली में दी गई तहरीर में अपर सत्र न्यायाधीश के गार्ड संतोष कुमार के मुताबिक जज के सरकारी आवास के गेट के बाहर यूपी 25 डीआर 2010 के नंबर का अज्ञात वाहन खड़ा किया जा रहा था। जिसको लेकर कई बार शिकायत भी की गई। लेकिन सूत्रों की मानें तो बड़े बैनर और अधिकारियों और मंत्रियों की पैठ बताकर गार्ड को गाली गलौज कर जान से मरवाने की धमकी दे रहा था। आरोपी पर पहले भी कई मुकदमे विभिन्न थानों में चल रहे हैं, पूरा आपराधिक इतिहास होने के बाद भी आरा. पी आखिर क्यों घूम रहा है खुला, इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



# कोतवाली पुलिस ने पकड़ा ऑटो लिफ्टर गैंग, चोरी के 11 वाहन बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** कोतवाली पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग के शातिर तीन बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 दो पहिया वाहन, एक अवैध तमंचे के साथ कई गाड़ियों के चौसिस और इंजन को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक उन्हें मुखबिर से ऑटो लिफ्टर गैंग के बारे में सूचना मिली थी कि इस्लामिया कॉलेज के ग्राउंड के पास ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्य खड़े है। जब पुलिस ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर हमला कर दिया, जब पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो एक बदमाश के पुलिस की गोली लग गई, जबकि दो बदमाशों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इस तरह पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों में तस्लीम उर्फ मुन्ना, इमरान पुत्र लियाकत, तौकीब पुत्र सद्दीक को गिरफ्तार किया है। सभी पर जिले के अलग-अलग थानों में 10-10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पकड़े गए चोर शातिर चोर हैं। सभी को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा रहा है। सभी का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपियों के पास से चोरी के 11 वाहनों के साथ कई गाड़ियों के चेसिस, इंजन को पुलिस ने बरामद किया है।



# 15 फरवरी से शुरू होगा ईंट भट्टों पर फूंकाई का काम

## जिला ईंट निर्माता समिति की बैठक में एक राय होकर लिए अहम फैसले




शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़ /बहेड़ी।** आगामी सीजन में ईंट भट्टों पर कच्ची ईंट बनाने का कार्य 15 जनवरी से एवं फूंकाई का कार्य 15 फरवरी से शुरू होगा। एक जून को फूंकाई का कार्य बंद कर दिया जाएगा। मदार ब्रिक स्टोर डूडा शुमाली कताई मिल रोड बहेड़ी में आयोजित जिला ईंट निर्माता समिति की एक बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। उल्लंघन करने बालों पर यूनियन द्वारा सख्त कार्यवाही किए जाने का प्रस्ताव भी पास किया गया।

ईंट निर्माता समिति के जिलाध्यक्ष डाक्टर हाजी आफताब अहमद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा है कि वर्तमान समय में ईंट भट्टे संकट के दौर से गुजर रहे है। भट्टा स्वामी ही इसके जिम्मेदार हैं, वह स्वयं ही अपना नुकसान करने में लगे हैं। यदि समय रहते तरीके से काम नहीं किया गया, यूनियन का साथ नहीं दिया तो बड़ा नुकसान होने से कोई नहीं बचा सकता। उन्होंने कहा कि कच्ची ईंट बनाने का जो समय तय किया गया है, उसी के हिसाब से ही सभी ईंट भट्ठा मालिक लेबर को काम के लिए बुलाएं। उन्होंने सभी भट्टा स्वामियों से अपील की कि वह ईंटों की विक्री नंबर एक में ही करें तथा जीएसटी की अदायगी समय से करें। बैठक में उधम सिंह नगर उत्तराखंड के जिलाध्यक्ष जगदीश, रामपुर के जिलाध्यक्ष जाकिर भाई, पीलीभीत से अफरोज, मुश्ताक अंसारी, आंवला से मुन्ने अंसारी, शकील अहमद, कोषाध्यक्ष गिरीश कुमार, कार्यालय सचिव युनुस एडवोकेट, हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री, जावेद शास्त्री, इंतिखाब आलम, मुकीमुर रहमान, रियाजुर रहमान वफा उर रहमान, अजीम,अजीजूर रहमान सदर साहब, मुजीबुर रहमान, बब्लू, मुस्तजाब अहमद, एजाज अहमद, इकरामुल हक, करसौला के प्रधान शैताब खान, जलीस अहमद, बाबू भाई दुनका आदि लोगों ने बैठक में भाग लिया। अंत में मदार ब्रिक स्टोर के स्वामी तौसीफुर रहमान, इमरानुल हक, हाजी शफीक अहमद, जहीर रियाज ने बैठक में शामिल होने वाले सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। आगामी बैठक 30 अप्रैल को वफा उर रहमान के भट्टे पर आयोजित की गई है, जिसमें फाइनल निर्णय लिया जाएगा।

### बैठक की पहल करने वाले मदार ब्रिक स्टोर के स्वामियों के जज्बे को सलाम

संकट के दौर से गुजर रहे ईंट भट्टों की दशा सुधारने के उद्देश्य से अपने ईंट भट्टे ईंट निर्माता समित की बैठक बुलाकर भट्टा स्वामियों को एकता का सुझाव देने वाले मदार ब्रिक स्टोर के स्वामी तौसीफुर रहमान, इमरानुल हक,हाजी शफीक अहमद,रियाज जहीर के जज्बे को सलाम करना पड़ेगा। इन युवाओं ने साहस दिखाकर सभी भट्टा स्वामियों को एकता का जो पाठ पढ़ाया है वास्तव ने वह काबिले तारीफ है। इन युवाओं के हौंसले से प्रेरणा लेकर सभी भट्टा स्वामियों को एकजुट होकर चलना पड़ेगा, तभी ईंट भट्ठा उद्योग से संकट के बदल हट सकते है, अन्यथा भट्टा उद्योग बर्बाद हो जाएगा।

# नवाबगंज के गन्ना कोल्हू उगल रहे हैं जहरीला धुआं



■ कोल्हू स्वामियों ने रद्दी की टोकरी में नोटिस नोटिस, बचत करने के चक्कर में जला रहे हैं गन्दा कपड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** बचत करने की जुगत में नवाबगंज क्षेत्र में चल रहे एक दर्जन से अधिक गन्ना कोल्हूओं के स्वामी भट्टी में खोई के स्थान पर कपड़ा जलाकर गुड़ पका रहे हैं। जिससे निकलने वाला धुआं हवा को प्रदूषित कर रहा है।

एक अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा क्षेत्र के गांव अधकटा नजराना के अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया गया था। लोकार्पण की तैयारियों को लेकर इस बरेली-पीलीभीत हाईवे से एक सप्ताह तक जिले के सभी आला अधिकारियों का आना जाना लगा रहा था, लेकिन किसी की भी नजर इस मार्ग पर धड़ल्ले से जहरीला धुआं उगल रहे कोल्हूओं की ओर नहीं गई, और अगर गई होगी तो उन्होंने इस ओर से मुंह फेर लिया होगा। इस हाइवे पर एक दर्जन कोल्हू लगे हुए हैं, और इनपर खोई के स्थान पर गंदा कपड़ जलाया जा रहा है, जो पर्यावरण प्रदूषण को खराब कर रहा है। कुछ दिनों पहले इसकी शिकायत पर उपजिलाधिकारी के निर्देशों पर प्रदूषण नियन्त्रण विभाग की टीम ने छापेमारी कर कोल्हूओं पर रंगे हाथ गन्दा कपड़ा जलाते हुए पकड़ा था, साथ ही इन कोल्हू संचाल. कों को कपड़ा न जलाने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। विभाग की इस चेतावनी का कोल्हू संच. ालकों पर कोई असर नहीं पड़ा, और लगातार निडर होकर कपड़ा जलाकर गुड़ पकाया जा रहा है, जिससे पास में बने फायर स्टेशन पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ ही राहगीर व स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। हाईवे किनारे ग्राम गरगईया और विशनपुर तक एक दर्जन से भी अधिक गन्ना कोल्हू चल रहे हैं। गत वर्षों तक इन कोल्हूओं पर गुड़ पकाने में गन्ने की खोई जलाई जाती थी, लेकिन अब यह कोल्हू संचालक सिन्थेटिक कपड़ा जला रहे हैं, जिससे निकलने वाला जहरीला धुंआ वातावरण में जहर घोल रहा है। एक ओर शासन व प्रशासन किसानों को पराली जलाने पर दण्डित कर रहा है, तो दूसरी ओर इन कोल्हूओं से फैल रहे प्रदूषण की ओर से निहित कारणों से मुंह फेरे हुए है।

उपजिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय ने इसका संज्ञान लेते हुए प्रदूषण नियन्त्रण विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। वहीं उपजिलाधिकारी के निर्देशों पर यहां पहुंची प्रदूषण नियन्त्रण विभाग की टीम ने हाईवे स्थित गन्ना कोल्हूओं पर छापा मारकर कपड़ा जलाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कार्यवाही की चेता. वनी दी थी। प्रदूषण विभाग की टीम की इस छापेमारी से कोल्हू संचालकों में कुछ देर तक तो हड़कम्प मच गया, लेकिन टीम के वापस लौटने के बाद फिर उसी तरह लगातार कपड़ा जलाने का कार्य शुरू हो गया। कोल्हू संचाल. कों की मानें तो उन्हें खोई जलाना महंगा साबित हो रहा है, और घाटा उठाना पड़ रहा है, जबकि पुराना कपड़ा खोई के मुकाबले खासा सस्ता पड़ रहा है। और यही कारण है कि कपड़ा जलाकर निकलने वाले जहरीले धुएं से हवा को प्रदूषित किया जा रहा है, और सेकड़ों लोगों की बीमारी का सबब बना हुआ है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत आखा विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आखा विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-09.04.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-09.04.2025 को समय दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | रहीस अहमद के घर से नन्हे के घर तक सीसी रोड निर्माण | 3,64,588.00 |

**कीर्ति सिंह** (प्रधान) **वीरेन्द्र पाल** (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरगवां विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरगवां विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-09.04.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-09.04.2025 को समय दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | चोखे लाल के घर से होली चौराहे तक सीसी रोड व नाली निर्माण | 3,99,835.00 |

**ओमकार** (प्रधान) **मो0 फईम** (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत दैय्याबोझ विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दैय्याबोझ विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-09.04.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-09.04.2025 को समय दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | होरी लाल के घर से नसीम के घर तक सीसी रोड निर्माण | 3,85,274.00 |

**खेमकरन सिंह** (प्रधान) **अमित प्रकाश** (सचिव)

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम के निर्देश पर बिलासपुर में चेकिंग अभियान के दौरान अवैध परिवहन में 23 ट्रक सीज

## एसडीएम के नेतृत्व में परिवहन और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने की कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध नियमित तौर पर प्रभावी कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा जारी मासिक रोस्टर के अनुसार अधिकारी लगातार सक्रिय हैं और अपने निर्धारित चेक पॉइंट पर उपस्थित रहकर चेकिंग की कार्यवाही को प्रभावी बना रहे हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के अंतर्गत तहसील बिलासपुर क्षेत्र में एसडीएम अनुराग सिंह द्वारा सीओ बिलासपुर के साथ साथ परिवहन विभाग एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 23 ऐसे ट्रकों को चिन्हित किया गया जिनके द्वारा उत्तराखंड से खनन लोड करके उत्तर प्रदेश की सीमा में बिना वैध परमिट के प्रवेश किया गया था।

इस प्रकार वैध परमिट (आईएसटीपी) की चोरी की पुष्टि होने पर इन सभी ट्रैकों को सीज करके उनके विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई है। एसडीएम बिलासपुर अनुराग सिंह ने बताया कि बिलासपुर क्षेत्र में जिलाधिकारी के निर्देश पर रात्रि 8:00 बजे से प्रात: 7:00 बजे तक निर्धारित चेक पॉइंट पर अधिकारियों की मौजूदगी में चेकिंग अभियान को गति प्रदान की जा रही है जिसका उद्देश्य यह है कि अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके साथ ही ओवरलोडिंग और अवैध खनन की गतिविधियों पर भी सख्ती बरती जा सके। देर रात चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान सीज किए गए 23 ट्रैकों के विरुद्ध परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट तथा खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खनन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान एवं अन्य जरूरी कार्यवाही की गई है। इन ट्रकों में बजरी और रेता का अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था।



जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में सभी एसडीएम सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी लगातार सक्रिय है। निर्धारित चेक पॉइंट पर अधिकारियों की उपस्थिति और चेकिंग की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने की स्थिति का समय-समय पर जिलाधिकारी द्वारा औचक रूप से पहुंच कर सत्यापन भी किया जा रहा है। मानकों का सख्ती से अनुपालन हो तथा अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के साथ ही सुरक्षित परिवहन प्रणाली को लागू कराने की शासन की मंशा को जिलाधिकारी द्वारा जिले में प्रभावी ढंग से लागू कराया जा रहा है।

# नगर पंचायत मसवासी में चला आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत प्रशासन ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया अभियान के तहत सिर्फ दो कुत्तों को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया लेकिन अभी भी कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है नगर पंचायत प्रशासन रविवार को आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया नगर पंचायत कर्मचारी को सिर्फ दो कुत्ते ही हाथ लग सके टीम को देखकर आवारा कुत्ते भाग जाने में सफल रहे स जाल को देखकर आवारा कुत्ते नगर पंचायत कर्मचारियों की मंशा को भाप गए और कुछ ही क्षणों में नगर पंचायत की टीम की नजरों से आवारा कुत्ते ओझल हो गए। कस्बे में दिनभर नगर पंचायत कर्मचारी आवारा कुत्तों को ढूंढते रहे लेकिन कर्मचारियों को आवारा कुत्ते हाथ नहीं लग सके मात्र दो कुत्तों को ही पड़कर जंगल में छोड़ा गया और अभियान की कार्य पूर्ति की गई।

# धूमधाम से मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र के गांव टांडा में शनिवार को महान सम्राट अशोक की जयंती धूम धाम से मनाई गई। बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। इनका कार्यकाल ईसा पूर्व 269 से 232 ईसवीं तक रहा। उन्होंने उत्तर में हिंदू कुश तक्षशिला की श्रेणियों से लेकर दक्षिण में गोदावरी नदी सुवर्ण गिरी पहाड़ी के दक्षिण में मैसूर तक तथा पूरब में बांग्लादेश पाटलिपुत्र से पश्चिम अफगानिस्तान, ईरान, बलूचिस्तान तक अपनी सत्ता कायम की थी। सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर सभी ग्राम वासियों ने सभी महापुरुषों के बारे में विचार प्रस्तुत किए गए। करुणा के सागर गौतम बुद्ध और कलम के बादशाह बाबा



डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्षों के बारे में बताया गया। जिसे सभी ग्राम वासियों ने बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना।

# स्वार में व्यापार मंडल की मासिक बैठक हुई आहूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के मेन कार्यालय पर व्यापार मंडल की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी तथा व्यापारी गण मौजूद रहे शिव ओतार सक्सेना उर्फ मन्नू भैया ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जिलाधिकारी महोदय ने बैंकों को आदेश दिए हैं। कि व्यापारियों को मुद्रा लोन मुहैया कराए जाएं लेकिन कोई भी बैंक मुद्रा लोन की फाइल करने को तैयार नहीं है ।जिससे कि व्यापारी बैंकों के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं कोई भी बैंक मुद्रा लोन की फाइल को करने को तैयार नहीं है इस संबंध में प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा आने वाले समय में हम जिलाधिकारी महोदय से बात करेंगे और उनको अवगत कराएंगे कि व्यापारियों ने जो मुद्रा लोन की फाइल भर रखी है।उनको जल्द से जल्द मुद्रा लोन दिया जाए ताकि व्यापारी खुशहाल हो सके और अपना काम भली-भांति कर सके सरकार ने 5,00000 मुद्रा लोन के



रूप में व्यापारी को देने की जो स्कीम निकाली है। जिसमें कि जिलाधिकारी महोदय ने बैंकों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द मुद्रा लोन की फाइल पास की जाए लेकिन कोई भी बैंक मुद्रा लोन देने को तैयार नहीं है नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने अपनी बात रखते हुए व्यापारियों को संबोधित किया उन्होंने कहा हमारे क्षेत्र में शिक्षा का बहुत बड़ा अभाव है शिक्षा के नाम पर निजी स्कूल लूटमार कर रहे हैं। हर साल नए-नए कोर्स हर साल बच्चों की फीस में बढ़ोतरी हर साल एडमिशन फीस की बढ़ोतरी एक ही स्कूल में एक क्लास से दूसरे क्लास में जाने के लिए एडमिशन फीस का बोझ हर साल हर दूसरे साल नए-नए ड्रेसे चेंज करना हमारे क्षेत्र की गरीब जनता बेसहारा जनता अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर बहुत चिंतित है क्योंकि निजी स्कूल अपनी मनमानी पर उतारू है शिक्षा के विषय में ना ही सरकार इस पर अंकुश लगा पा रही है। जिससे कि आम जनता बहुत ही परेशान है।व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनवर अली ने जिलाधिकारी सेआग्रह करते हुए की प्राइवेट स्कूलों पर बी एस ए द्वारा जांच कराई जाए ताकि वह फीस कम हो सके। हर साल कोर्सेज में बदलाव न किए जाएं ताकि एक दूसरे का पुराने कोर्स से भी पढ़ाई की जा सके। इस दौरान अध्यक्ष अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,शिव ओतार सक्सेना और मन्नू भैया, मुशर्रफ अली, गुड्डू हाफिज जी, फुरकान अली, हाशिम शान, कदीर अंसारी, इस्लाम अंसारी, अजीज मियां, शकील सलमानी, अब्दुल रशीद, आसिफ, रफीक, राशिद, इब्ने हसन, नासिर, सरफराज, इरफान अली, सलमान अली, नबी हसन, इरफान अली, शाकिर अली आदि मौजूद रहे।

# रामपुर की धरती से उठी मोहब्बत इंसाफ और बराबरी की आवाज

## होली व ईद मिलन समारोह बना सौहार्द और क्रांति का प्रतीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जब देश के हर गली और चौराहे पर नफरत की फसल बोई जा रही है, जब इंसान को मजहब, जाति और पहचान के नाम पर बांटा जा रहा है, ऐसे दौर में ग्राम गजरौला की मिट्टी से मोहब्बत, इंसाफ और भाईचारे की एक ऐतिहासिक पुकार गूंजी। पूर्व विधायक संजय कपूर के स्नेहपूर्ण आमंत्रण पर आयोजित होली एवं ईद मिलन समारोह में कपूर के ग्राम गजरौला, तहसील बिलासपुर, स्थित फॉर्म हाउस पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम केवल पर्वों का उत्सव नहीं था। यह सामाजिक एकता, न्याय और समानता का उद्घोष था। पूर्व विधायक संजय कपूर ने अपने भावनात्मक भाषण में कहा कि जब देश में जहर घुला हो, वहां प्रेम और इंसाफ की बात करना ही सबसे बड़ा साहस है। यह मंच न केवल पर्वों का संगम है, बल्कि उस संघर्ष का भी प्रतीक है जो दलित, शोषित और वंचित समाज के हक और सम्मान के लिए लड़ा जा रहा है। मोहब्बत की यह यात्रा तब तक रुकेगी नहीं। जब तक इंसाफ हर दरवाजे तक न पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा आज हम एकजुट होकर यह संदेश दे रहे हैं कि न हमें बांटा जा सकता है, न झुकाया जा सकता है। हमें अब सिर्फ जीना नहीं, बराबरी के साथ जीना है। और यही दलित इंसाफ यात्रा की आत्मा है। एआईसीसी सदस्य मुती उर रहमान ने अपने जोशीले अंदाज में कहा रामपुर में



जो अलविदा की नमाज के बाद जामा मस्जिद पर नमाजियो पर फूल बरसाए थे उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पूरे देश में कांग्रे. सियों ने ईद के दिन नमाजियो पर फूल बरसाए यह महज एक मिलन नहीं, यह मोहब्बत का आंदोलन है। हम सभी धर्मों, जातियों को जोड़ने निकले हैं। यह नफरत को मात देने का समय है। और रामपुर इसकी शुरुआत कर चुका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमेश दुबे ने दो टूक शब्दों में कहा। हमारा संघर्ष न्याय के लिए है, सत्ता के खिलाफ नहीं ख्र लेकिन अगर सत्ता अन्याय के साथ खड़ी है, तो फिर हमारी लड़ाई स्पष्ट है।

हम रुकेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं । इंसाफ लेकर ही दम लेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने एक-दूसरे से गले मिलकर प्रेम, सौहार्द और सामाजिक न्याय की भावना को सजीव कर दिया। 'सभी वक्ताओं ने एक स्वर में यह घोषणा की कि यह सिर्फ एक मिलन समारोह नहीं था। यह उस नई सुबह की शुरुआत है, जो आने वाले समय में पूरे देश में मोहब्बत और बराबरी का उजाला फैलाएगी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां डा. जफर खां जाहिद अली, मंजीत सिंह अटवाल, नाजिल भाई, शकील पहलवान, सरदार गुरजीत सिंह, शाकिर अली, पालिका नगर पंचायत केमरी अध्यक्ष अंसार अली, किसान नेता कमरूद्दीन भाई, मुईन पठान, साहिर अली खान, चितरंजन प्रसाद, बाबा प्रगट सिंह, जसमेल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मंथन शिविर में रायुक्रांमो से जुड़े डेढ़ दर्जन लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के कार्यालय पर चल रहे मंथन शिविर में संगठन के विस्तार को ले कर चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता क्रान्ति शेखर सारंग ने डेढ़ दर्जन लोगों को संगठन की सदस्यता ग्रहण करवाई। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि संगठन देश के 75 करोड़ युवाओं को एकजुट करने ने लिए निरंतर जुटा हुआ है। आज के समय में बड़ी संख्या में युवा पथ से भटके हुए हैं। किसी न किसी नशे को अपना कर वे अपना जीवन नष्ट करने में लगे हैं। ऐसे युवाओं को राह पर लाना और समाज में सम्मान दिलवाना संगठन के उद्देश्यों में से एक है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही दिल्ली से हरिद्वार तक मानव सदभावना यात्रा निकाली जाएगी। इसको ले कर भी संगठन के पदाधिकारी



लगातार विभिन्न जनपदों में भ्रमण कर जन संपर्क कर रहे हैं। रविवार को सदस्यता ग्रहण करने वालों में महेंद्रपाल सागर, शकील अंसारी, महेंद्र गंगवार, शकील अहमद, काली चरन, शाकिर, वेदपाल आर्य, विपिन गंगवार, भानु प्रताप, वाहिद अली, आशिक अली, राजू सिंह व अजीत सिंह आदि रहे। इनके साथ ही प्रदेश सचिव सलमान शाह, प्रदेश महा सचिव अरविंद पटेल, जिला अध्यक्ष लीलाधर सुमन, यशपाल सिंह, संतोष पटेल, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

# रामनवमी पर कन्याओं का पूजन कर वितरण किया गया प्रसाद



**( मो.फारूक अंसारी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौत्र नवरात्र के अंतिम दिन माता शेरावाली की पूजा अर्चना की गई और कन्याओं को पूजन के बाद जिमाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। खीर हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। चौत्र नवरात्र के अंतिम दिन मसवासी नगर समेत आसपास के गांव में मां शेरावाली की पूजा अर्चना की गई और कन्याओं को घर बुलाकर जिमाया गया पूजन के बाद खीर पुरी का वितरण किया गया। मसवासी नगर समेत चाउपुरा भूबरा बिजार खाता खोद कला मोतीपुरा सीतारामपुर रहमतगंज मंसूरपुर कुंदनपुर हसनपुर उत्तरी मिलक नोखरीद , आदि गांव में नवरात्रों के समापन पर पूजा अर्चना की गई और मन्नत मांगी गई कन्याओं को जीमाया गया और खीर पुरी का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया।

# किसानों के कृषि यंत्रों से जीएसटी हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** इतवार भारती किसान यूनियन टिकैत के नेता सलामत जान ने कृषि यंत्रों को जीएसटी से छूट देने और एमएसपी कानून की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेता ने कहा दराती से लेकर कंबाइन हार्वेस्टर को जीएसटी मुक्त कराने के लिए किसानो को बड़े संघर्ष करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी के दूसरे गेट के सामने गली में
सम्पर्क सूत्र 9720093014
7906773314

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस

## संघर्षों से भारतीय जनता पार्टी बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : जिला अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हापुड़।** नगर तहसील क्षेत्र के प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि भाजपा की सफलता के पीछे संघर्षों की लंबी कहानी है।

भारतीय जनता पार्टी हापुड़ के समस्त कार्यकर्ता रविवार को प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर इकठ्ठा हुए और जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में सभी ने हर्ष उल्लास के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। पार्टी का स्थापना दिवस मनाते हुए जिला अध्यक्ष नरेश तोमर और क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया तथा कार्यकर्ताओं को लडडू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को पार्टी की स्थापना दिवस की बधाई




दी। इस दौरान क्षेत्रिय महामंत्री विकास अग्रवाल ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही सौभाग्य का विषय है कि आज 45 वां स्थापना दिवस मनाते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है।

आज भारतीय जनता पार्टी केंद्र में वह प्रदेश में जनता की सेवा कर रही है। भारत का नाम विश्व की प्रमुख शक्तियों में लिया जाने लगा है। अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं व प्रतिनिधियों का सदैव एक ही लक्ष्य रहता है कि किस प्रकार जनता की सेवा करें दिन-रात जनता के कार्य में लगे



रहते हैं। आज विश्व में भारतीय जनता पार्टी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है और भारत माता की जय के उद्घोष से पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, जिला उपाध्यक्ष श्याम मंदिर त्यागी, राज सुंदर तेवतिया, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय त्यागी, सुनील वर्मा, तरुण चौहान, राज सुंदर तेवतिया, प्रवीण शर्मा, ललित गर्ग, विश्व प्रकाश शर्मा, हेमंत त्यागी, अशोक शर्मा बंदूक वाले, नवीन तोमर, प्रशांत गौड़, अनिल वर्मा, मालती भारती, महेश त्यागी, सतपाल यादव, कुणाल चौधरी, राहुल उपाध्याय, पवन सैनी, अनिल वर्मा, विजय सराफ, राजेश सक्सेना, जतिन साहनी, अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।

# राकेश त्यागी बने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी की नियुक्ति के बाद हापुड़ के दिल्ली रोड स्थित प्रकाश रिजेन्सी में के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कई प्रमुख कांग्रेसी नेता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने राकेश त्यागी को जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत करने की उम्मीद जताई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सचिव प्रभारी पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि कांग्रेस के अनुभवी नेता राकेश त्यागी को हापुड़ जिलाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में हापुड़ जिले में कांग्रेस एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा की पार्टी ने जिस उम्मीद और आशा के साथ उन्हें ये अहम जिम्मेदारी सौंपी है उसका वे पूरी तत्परता के साथ निर्वहन करेंगे और संगठन को हर संभव मजबूत बनाएंगे। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, सेवादल के राष्ट्रीय सचिव दिनेश कौशिक, पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन, पूर्व पीसीसी सदस्य नवरत्न त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मानवी सिंह, पूर्व सभासद ऐजाज अहमद, राहुल शर्मा, निखिल वत्स विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, अबुजर चौधरी, जकरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पिलखुवा।** थाना कपूरपुर व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरो. पियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 50 सिलेंडर और घटना में प्रयोग की गई टाटा ऐस भी बरामद भी की है। प्रेस वार्ता में एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि थाना कपूरपुर क्षेत्र में 20 मार्च को भारत गैस गोदाम से 50 सिलेंडर चोरी हो गए थे। कपूरपुर पुलिस और स्वाट टीम ने जांच शुरू कर तीन आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। थाना कपूरपुर और स्वाट टीम ने कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस पूछताछ में थाना कपूरपुर निवासी मतनावली के अजीत उर्फ



हनुमान पुत्र रमेश चंद्र, थाना सिकंद. राबाद निवासी गेसुपुर के हरिओम पुत्र बाबू राम और मोनू पुत्र विजय को नरैण पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है आरोपी अजीत उर्फ हनुमान ने बताया कि वह एजेंसी पर डिलीवरी बॉय का काम करता है उसने योजना बाद तरीके से अपने साथियों के साथ मिलकर गैस गोदाम से 50 सिलेंडर चुरा लिए और सिलेंडर चुराकर खेतों में छुपा दिए। पुलिस ने तीन लोगों का आरो. पियों की गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि किशोरी के परिजनों द्वारा तीन दिन पूर्व पानीपत तहरीर देते हुए बताया गया था कि आरोपिपी उनकी किशोरी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर ले गए और आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरो. पियों की तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने रविवार को मामले में कार्रवाई करते हुए आकिब अली पुत्र पुत्र युसुफ और शहीम पुत्र नौशाद अली निवासी गांव अठसैनी गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को थाना क्षेत्र के दौताई नहर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पिलखुवा पुलिस ने डकैती के मामले में फरार एक वारन्टी को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने न्यायलय से डकैती के मुकदमे में फरार चल रहे एक वारन्टी को गिरफ्तार किया है। पिलखुवा थाना प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया की हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार वारन्टीयों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने डकैती के मामले में न्यायालय से फरार चल रहे आरोपी वीरपाल पुत्र वीरू निवासी ग्राम खडौली थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी डकैती के मामले में न्यायलय से फरार चल रहा था। न्यायलय ने आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किए थे। न्यायलय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है।

# ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** क्षेत्र में एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। घटना गुलावठी रोड स्थित मुंबई मार्केट के पास की बताई जा रही है। आग लगने से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चीफ इंजीनियर संजीव कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में आग का कारण ट्रांसफॉर्मर का ओवरलोड होना सामने आया है।

# श्री हरिहर चंडी मंदिर मेला समिति रामनवमी पर पूजा अर्चना का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पिलखुवा।** श्री हरिहर चंडी मंदिर मेला समिति द्वारा नवरात्रि एवं रामनवमी के शुभ अवसर पर आज के जजमान अंशुल मित्तल मोनू सभासद ने अपने परिवार के द्वारा नवरात्रि में माता रानी सिद्धिदात्री का हवन एवं श्रृंगार किया प्रत्येक नवरात्रि में प्रतिदिन चंडी मंदिर प्रांगण में हवन एवं श्रृंगार होता है माता रानी सिद्ध पीठ है जो भी इसे अपने मन्नत मांगता है वह अवश्य पूरी करती है।

रामनवमी उत्सव चंडी मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा



इसमें सांस्कृतिक झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। आज के पूजन में समिति के अध्यक्ष अखिलेश मित्तल महामंत्री राहुल मित्तल कोषाध्यक्ष केशव शर्मा सुधीर गोयल धीरजगढ़ वाडीलाल राम भूषण अमित मित्तल मोहित गुप्ता आदि ने माता का आशीर्वाद लिया।

# 6 अप्रैल को मनाया भारतीय जनता पार्टी, अपना 45वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत म्याऊं में प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी अपना 45वां स्थापना दिवस 6 अप्रैल 2025 को मनाया। इसी खुशी में कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराया। सभी बूथों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं० दीनदयाल उपाध्याया व भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलि



किया। मण्डल अध्यक्ष ओमपाल सिंह राजपूत ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आज पूरे मण्डल के सभी बूथों पर किये जा रहे हैं और 8 से 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन किया जायेगा। जिसमें भाजपा की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा पर चर्चा होगी। इस मौके पर पंकज पाठक, रामू सिंह, संजीव कुमार वर्मा, किशोरी लाल, प्रमोद राजपूत, शीश बाहिद खान, गर्जेन्द्र राठौर आदि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रेमजाल में फंसा, बनाया दबाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र से एक युवती के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के परिजनों ने पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दूसरे समुदाय के एक युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद वह उसे दिल्ली ले गया। वहां युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। युवती किसी तरह युवक के चंगुल से भागने में सफल रही। उसने पुलिस से मदद मांगी। चोला पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। युवती को सकुशल बचाकर परिजनों को सौंप दिया गया। पीड़िता ने एसएसपी से मिलकर पूरे मामले की जानकारी दी। उसने न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती का मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। उसके बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मां सिद्धिदात्री की पूजा कर जिमाई कन्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

बुलंदशहर। जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदिरों और घरों रामनवमी को माता सिद्धिदात्री की पूजा की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कन्या जिमाकर अपना व्रत खोला। रविवार को राजराजेश्वर मंदिर, भवन देवी मंदिर और खुर्जा के नव दुर्गा शक्ति मंदिर में नवरात्र में मां के नौंवे स्वरूप मां सिद्धिदात्रि के दर्शनों के लिए कतार लग गई। भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए। नव दुर्गा शक्ति मंदिर कमेटी के आजीवन सचिव रोहित अग्रवाल ने बताया कि नवमी के उपलक्ष में नौ देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया। इसके बाद प्रतिवर्ष की भांति हवन किया गया। इसी प्रकार लोगों ने घरों में कन्या जिमायीं।

# नवरात्रि में घर एवं दुकान पर झंडा लगाने से होता है लाभ: भाजपा नेता रजत गुप्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** यूपी हिंदू कैलेंडर के अनुसार, चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ नवरात्रि की शुरुआत होती है और नवमी तिथि के साथ समाप्त होती है। ऐसे में वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल चौत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हुए और यह 6 अप्रैल तक दिन रविवार तक चले। वही बताते चले कि अप्रैल में, चौत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल को राम नवमी के साथ समाप्त हुए, इसलिए दिन रविवार को राम नवमी को भाजपा नेता रजत गुप्ता ने नगर पालिका परिषद दातागंज क्षेत्र की दुकान दुकान पहुंच कर झंडा वितरण कर दुकान पर लगाने का अग्रह किया। हमारे संवाददाता अभिषेक वर्मा से वार्ता करने पर भाजपा नेता रजत गुप्ता ने बताया कि अक्सर हम लोग सभी देखते हैं कि ज्यादातर लोग अपने घरों की छतो पर , मंदिरों के ऊपर लाल, केसरिया, भगवा या नारंगी रंग या अलग-अलग तरह के रंगों का झंडा लगाते है। कुछ लोग इसे ध्वजा, पताका आदि के नाम से भी जानते हैं। हमारे हिन्दू धर्म के मुताबिक, मंदिर के ऊपर लगे इस ध्वज को बहुत पावन मानते हैं और ऐसा भी कहते हैं कि संस्कृति की समग्रता, राष्ट्रीय एकता इस झंडे में ही समा. हत होती है। कुछ लोग तो नवरात्रि के दौरान ये ध्वज भी लगाते है। लेकिन क्या आप जानते है कि आखिर ये ध्वज क्यों लगाए जाते है। बता दें कि हिंदू धर्म के मुताबिक, नवरात्री में घर पर झंडा लगाना बहुत ज्यादा शुभ होता है। बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि नवरात्रि में घर दुकान पर झंडा लगाने से बहुत लाभ होता है। ऐसे में यह भी कहा जाता है कि ऐसा करने के बाद कुंडली और वास्तु से संबंधित सभी दोष शांत हो सकते है, ऐसे में पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी हमने दुकानदार भाइयों को चौत्र नवरात्रि के समापन, रामनवमी के पावन पर्व पर झंडी का दुकान दुकान वितरण कर लगवाया। जिससे नगर दातागंज का बाजार झंडी से गुलजार हो गया भाजपा नेता रजत गुप्ता ने जब साथ रहे लोगों के साथ दुकान दुकान चौक चौराहे से लेकर प्रमुख बाजारों और मार्गों पर भगवा रंग के झंडे और श्री राम नाम के झंडे लगवाए जिससे रामनवमी पर्व को नगर दातागंज में उत्सव जैसा माहौल बन गया।

# बिल्सी में भाजपा ने पार्टी का मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** रविवार को नगर सिरासौल रोड स्थित गेस्ट हाउस पर कार्यकर्ताओं ने भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। यहां कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा भी लगाया।

वरिष्ठ नेता शैलेंद्र शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी 2027 में प्रचंड बहुमत से उत्तर प्रदेश में फिर से सरकार बनाएगी। सभी कार्यकर्ता लगन और मेहनत से पार्टी को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा प्रदेश और केंद्र सरकार बिना भेदभाव के सभी लोगों को एक साथ लेकर चल रही है । सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर विवेक राठी, मोहित गुप्ता, तेज प्रताप सिंह, अनुराग शाक्य, आदित्य महेश्वरी, शेखर सक्सेना, सूर्यप्रकाश देवल, अजीत गुर्जर, प्रखर माहेश्वरी, प्रमोद तोमर आदि लोग मौजूद रहे। इधर डा. मुकेश चंद्र मौर्य एवं भाजपा नेत्री ममता शाक्य के आवास पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया।

# बिल्सी में धूमधाम से मनाई गई अशोक महान की जंयती

**बिल्सी।** विश्व प्रसिद्ध सम्राट, अखण्ड भारत के निर्माता एवं महान चक्रवर्ती सम्राट देवानांप्रिय अशोक महान की 2329वीं जयन्ती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने सर्वसमाज के सम्मानित जनों, महिलाओं एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नगर के सम्राट अशोक चौक पर सम्राट अशोक महान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात चौराहे पर जनसामान्य को मिष्ठान वितरण किया। इसके उपरांत अपने आवास पर विचार गोष्ठी ममता शाक्य ने कहा कि सम्राट अशोक एक महान शासक थे उन्होंने कहा था कि समस्त प्रजा मेरी सन्तान है, सर्व लो. कहित मेरा कर्तव्य है। मौर्य शाक्य कुशवाहा, सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर शाक्य ने कहा कि सम्राट अशोक महान ने एक बड़े भूभाग पर शासन किया और लोक कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस मौके पर हरिओम सैनी, राकेश शाक्य, डॉ अरविंद शाक्य आदि रहे।

# रामनवमी मेला शुभारंभ के बाद धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

## प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा ने किया मेले का शुभारंभ, शोभा यात्रा में शामिल झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** कस्बा उघैती में श्री रामनवमी मेला का शुभारंभ हो गया है। मंगल बाजार परिसर में आयोजित मेले का उद्घाटन प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार मिश्रा ने किया।मेले के दूसरे दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

यात्रा मंगल बाजार से शुरू हुई। यह बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे, डाकखाना रोड और होली चौक होते हुए मेला स्थल तक पहुंची। शोभायात्रा में बाल रूप में प्रभु श्री राम की झांकी और काली अखाड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। राधा-कृष्ण, बजरंगबली और अन्य देवी-देवताओं की झांकियों ने भी लोगों का ध्यान खींचा। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।प्रभारी निरीक्षक मिश्रा ने मेला कमेटी के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लोग भाईचारे के प्रतीक इस मेले का शांतिपूर्ण तरीके से आनंद लें।

साथ ही चेतावनी दी कि व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा।कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह, प्रधान पति मुनेंद्र कुमार सिंह, राठौड़ बाबू ठाकुर, मुनिल कुमार, अनिल कुमार सिंह, सतेंद्र पाल सिंह, राजेश सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह और बलभद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अमित मिश्रा नाईट ने मोहा मन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिला कृषि, औद्योगिक एव सांस्कृतिक प्रदर्शनी के रविन्द्र नाट्यशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार की शाम ओपन स्टेज पर अमित मिश्रा की टीम द्वारा बॉलीवुड नाईट की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसका दर्शकों ने खूब आनन्द लिया। इसी क्रम में रविवार की सुबह को रविन्द्र नाट्यशाला में बजे चित्रकला प्रतियोगिता एवं सायंकालीन ओपन स्टेज पर 7.00 बजे रेणुका टीम द्वारा हरियाणवी नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वंही रविन्द्र नाट्यशाला में 11.00 बजे बेबी शो एवं भारत की शान बेटियां व बैरन हॉल में 11.00 बजे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सायंकालीन 7.00 बजे रविन्द्र नाट्यशाला में बॉडी बिल्डिंग का कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर समस्त जनपदवासी सादर आमंत्रित हैं। संचालित जिला कृषि, औद्योगिक एव सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अवसर डीएम श्रुति ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सभी संबंधित व्यवस्थाएं पूर्ण करा दी गई हैं। आपके जनपद की ऐतिहासिक प्रदर्शनी है जिसमें आप समस्त परिवार सहित आएं और आनन्द उठाएं। प्रदर्शनी में अनेक प्रकार के खान-पान व एक जनपद एक उत्पाद सहित अन्य उत्पादों की बिक्री की जा रही है। आप समस्त परिवार सहित खरीदारी कर कार्यक्रमों का आनन्द उठाएं।

## सिद्धिदात्री के पूजन से नवरात्रों का समापन

### आखिरी नवरात्र पर भक्तों ने कन्याओं को कराया भोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आखिरी नवरात्र पर माता के भक्तों ने मां दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। उन्होंने कन्याओं को भोजन कराया तथा पैर छूकर आशीर्वाद लिया। घरों में पकवान बनाये गये। सुबह से ही देवी मंडपों में भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर के अधिकांश मंदिरों में भजन कीर्तन होता रहा।

रविवार को चैत्र नवरात्र का विधि विधान के साथ समापन हो गया। मां दुर्गा के भक्तों ने उनके नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। भक्तों ने घरों में पकवान बनाये तथा कन्याओं को भोजन कराया। उन्हें हलवा पूरी, छोले चावल का भोग लगाया गया। भोजन के बाद पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। आज के दिन कन्याएं ढूंढे से भी हाथ नहीं आ रही थी। एक के बाद दूसरे घर में उनका बुलावा था।

**■ माता के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल**

महिलाएं सुबह के समय उन्हें ढूंढती रहीं। माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। सभी भक्ति के इस पल को संजोये थे। दिन निकलते ही माता के भक्तों स्नान आदि से निपटने के बाद जल चढ़ाने के लिये देवी मंडपों में पहुंचने शुरू हो गये थे। आखिरी नवरात्र पर उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने मां सिद्धिदात्री से परिवार की सुख समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद लिया। मंदिरों में माता के भजन गाये गये। महिला भक्तों ने देवी मंडपों में पूरी उत्साह के साथ भजन कीर्तन किया। सारा दिन यह सिलसिला चलता रहा। भक्तों में मान्यता है कि जो भी सच्च मन से मां सिद्धिदात्री की मुरादें मांगता है वह पूरी होती है। यहीं कारण है कि श्रद्धालुओं में उनके प्रति अपार श्रद्धा है। हर कोई माता को मनाने में लगा था। सांय के समय माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रजवल्लित कर उनका आशीर्वाद लिया गया। नगर के प्रसिद्ध श्रीवासुदेव तीर्थ पर भक्तों की भीड़ रही।



■ अमरोहा। नवमीं के मौके पर कन्याओं को भोजन कराते श्रद्धालु।

## प्लॉट के नाम पर रिटायर दरोगा से ठगे 24 लाख

### लेखपाल समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** प्लॉट के नाम पर रिटायर दरोगा से 24 लाख रूपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। दरोगा की तहरीर पर लेखपाल समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की सुबोधनगर कॉलोनी में सेवानिवृत्त दरोगा कुंवरपाल सिंह का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक डिडौली के गांव हरियाना निवासी लेखपाल जौहर अली से उनकी अच्छी जान पहचान थी। जौहर अली ने उन्हें अपने रिश्तेदारों का प्लॉट दिलाने की बात कही, कुंवरपाल उनके साथ कस्बा डिडौली पहुंचे तथा प्लॉट देख कर सौदा कर लिया। प्लॉट गांव मूंढ़ा इम्मा निवासी नजमा के नाम था। 30 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। सौदे के वक्त महताब व मोहम्मद उमर निवासी गांव नीलीखेड़ी भी साथ थे। चारों लोगों ने 28 जुलाई 2023 को बैनामा कराने का वादा किया। 24 जुलाई 2023 को नजमा, महताब व मोहम्मद उमर के खाते में 24 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।। बाकी 8 लाख रुपये बैनामे के वक्त देने की बात तय हुई। चारों ने प्लॉट का बैनामा भी करा दिया लेकिन बाद में पता चला कि जो प्लॉट दिखाया गया था वह गणेश सिंह का है। राजस्व रिकार्ड के मुताबिक प्लॉट आबादी में है और वहां मकान भी बने हुए हैं। यानि वहां कोई खाली प्लॉट ही नहीं है। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने अपने पैसे मांगे तो आरोपियों ने लौटाने से इन्कार कर दिया, जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दी लेकिन कार्रवाई के नाम पर पुलिस आनाकानी करती रही। लिहाजा, परेशान होकर अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में लेखपाल जौहर अली, नजमा, महताब व मोहम्मद उमर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## पति ने की थी पति की गला दबाकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर में फांसी के फंदे पर झूलती मिली महिला ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि उसके ही पति ने दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर उसकी गला घोंटकर हत्या की और फिर शव को फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार करके चालान किया और कोर्ट में पेश किया। बता दें कि 03 अप्रैल को नगर के चौपला चौकी क्षेत्र के मोहल्ला सुल्ताननगर में कविता (28) पत्नी अमित कुमार दोपहर के समय अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती मिली थी। अमित कुमार बुलंदशहर जनपद में एक कंपनी में काम करता था और घटनावाले दिन ही घर पर आया था। उस दिन घटना के समय भी उसके बाजार में जाने की बात सामने आई थी। जब वह बाजार से वापस लौटा था तो उसने ही शव को फंदे से लटका देखकर आसपास के लोगों को सूचित किया था।



सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कविता के शव को फंदे से नीचे उतारकर आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। वहीं पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल में जुटी थी, जांच में सामने आया कि पति ने ही कविता की हत्या करके शव को फंदे पर लटकाया था। पुलिस ने रविवार को कविता के पति अमित कुमार को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। वहीं इस मामले में कविता के पिता देवराज पुत्र परमू निवासी ग्राम मन्नीखेड़ा थाना नखासा जनपद सम्भल ने थाने में तहरीर देकर पति

**■ दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर घटना को अंजाम देने का आरोप। सास, ससुर व देवरों पर भी केस दर्ज**

अमित कुमार, सास होराम सिंह, सास मुन्नी, देवर ललित कुमार व सुमित पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। तहरीर के अनुसार आरोप है कि कविता की शादी सात वर्ष पूर्व हुई थी। शादी में दिए गए उपहार से पति व ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे और कार की मांग करते थे कुछ समय पूर्व कविता ने एक बेटे को जन्म दिया, जिसके बाद छोछक में फिर से अमित आदि कार की मांग करने लगा, जब कविता ने मना किया तो कविता को फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर दी। पुलिस ने पति अमित कुमार समेत सास मुन्नी, ससुर होराम व दो देवरों ललित कुमार व सुमित कुमार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चोरों ने खेत से पम्पिंग सैट चुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गये हैं कि वह बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा मिलक निवासी छोटेलाल पुत्र परम सिंह का पंपिंग सेट जंगल में खेत पर लगा हुआ है। बीती रात अज्ञात चोर पंपिंग सेट के पहिया एवं पंखा चोरी कर ले गए। सुबह होने पर जब पीड़ित खेत पर पहुंचा तो पंपिंग सेट का सामान चोरी देख उसके होश उड़ गये। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

## अवैध शराब तस्करी में दो लोगों को एक साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अवैध शराब की तस्करी से जुड़े मामले में कोर्ट ने दो लोगों को एक-एक साल कैद की सजा सुनाई। दोषियों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामले में दोनों दोषी जमानत पर थे। यह मामला रहरा थाना क्षेत्र से जुड़ा था। साल 2021 में थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव श्यामगढ़ी के रहने पंकज और गांव रहरा के रहने वाले बब्लू को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों क्षेत्र में शराब की तस्करी करते थे। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया था, फिलहाल पंकज और बब्लू इस मामले में जमानत पर थे। केस की सुनवाई कोर्ट में विचाराधीन थी। शनिवार को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली व साक्ष्यों का अवलोकन किया गया। अभियोजन व आरोपी पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने पंकज और बब्लू को दोषी करार दिया। दोनों को एक-एक साल जेल की सजा सुनाई तथा 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## दुबई का टिकट व वीजा कराकर तीन लाख हड़पे

### दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ट्रैवल एजेंट से दुबई जाने का टिकट करा लिया। बाद में वीजा भी मंगवा लिया। दोनों कामों में करीब तीन लाख रुपये का खर्चा ट्रैवल एजेंट ने उठाया। पीड़ित ने पैसे मांगे तो टिकट कराने वाले आरोपी युवकों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कस्बा जोया से जुड़ा है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी मोहम्मद माज ट्रैवल एजेंट है। उनकी जान पहचान संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी अशोक व विजेंद्र से थी। आरोप है कि 2024 में इन दोनों ने दुबई भेजने की बात की थी। लिहाजा, मोहम्मद माज ने दोनों की फाइल तैयार करा दी, वीजा लगवा कर फ्लाइट का टिकट भी करा दिया। दोनों कामों में करीब तीन लाख रुपये का खर्च आया।पीड़ित मोहम्मद माज ने जब इन दोनों से पैसे मांगे तो उन्होंने आनाकानी शुरू कर दी। तकादा करने पर दोनों बीती 7 जनवरी को दुकान में घुस आए तथा पैसे मांगने पर तमंचा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। लिहाजा फिर कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में कोर्ट के आदेश पर अशोक व विजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम का किया तिलक

### दूसरे कार्यक्रम में जेईएल व जेबीएफ ने किया लठीरा के वृद्धाश्रम में वस्त्रों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्री राम मंदिर में जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा ने अपनी पत्नी रंजना झा के संग प्रभु श्री राम एवं माता सीता

**■ जुबिलेंट के यूनिट हेड ने पत्नी संग किया पूजन**

का तिलक किया। हवन-यज्ञ के उपरांत कन्याओं को जिमाया गया। रविवार को श्री राम नवमी के पर्व पर गजरौला में भरतिया समूह द्वारा निर्मित श्री राम मंदिर को फूलों से सजाया गया। यहां धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत आरती से हुई। इसके उपरांत मंदिर परिसर में ही हवन में आहुतियां डालकर विश्व शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। पंडित मोहन



मिश्रा एवं पंडित गोविंद पांडेय ने धार्मिक आयोजन संपन्न कराए। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, जिला उपभोक्ता आयोग में सदस्य/मजिस्ट्रेट अंजु रानी दीक्षित, सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख सतेंद्र चौधरी, बिट्टो चौधरी, रबिंद्र झा,अशोक राय, पीके उपाध्याय, अनूप नौटियाल, एके सिंह, एनके तोमर आदि मौजूद रहे। **लठीरा स्थित वृद्धाश्रम में वस्त्रों का वितरण**

जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड एवं जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा वृद्धाश्रम में रहने वाले साढ़े तीन सौ से अधिक महिला-पुरुषों को वस्त्र प्रदान किए गए। रविवार को जुबिलेंट की टीम गजरौला ब्लाक के गंगापार स्थित गांव लठीरा में गुरू विश्राम वृद्धाश्रम शिओस पहुंची। आश्रम के प्रबंधक नावेद खान ने इस सहयोग के लिए जुबिलेंट का आभार व्यक्त किया। वृद्धाश्रम का दौरा भी कराया। वहां आश्रित बुजुर्गों से बात भी करवाई। इस मौके पर वृद्धाश्रम के संचालक डा.जीपी भगत, जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट, सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख सतेंद्र चौधरी, सीएसआर कोर्डिनेटर विशाल गौरव, चंदन प्रसाद, नवनीत ग्रेवाल, जॉनी, राहुल मौजूद रहे।

## मोबाइल चोर को पकड़कर जमकर धुना

### लोगों ने पुलिसको सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में घुसकर मोबाइल चोरी कर भागे युवक को मोहल्ले में घूमते हुए पकड़ लिया। पहले उसकी जमकर पिटाई की और बाद में कोतवाली ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद मोबाइल बरामद करने वाली पुलिस ने आरोपी युवक का चालान कर दिया है।

शहर के मोहल्ला काला कुंआ में शिवकुमार का परिवार रहता है। उनके बेटे गौरीश के मुताबिक तीन अप्रैल की रात घर से बरामदे में रखा मोबाइल चोरी हो गया था। अगले दिन जानकारी करने पर पता चला कि मोबाइल मोहल्ला कुरैशी में रहने वाले जमशेद ने चोरी किया है जो नशेड़ी किस्म का है और घटना वाले दिन उनके घर के आगे घूम रहा था। इसके बाद तलाश में जुटे गौरीश ने कुछ देर बाद अपने दोस्त कपिल की मदद से जमशेद को मोहल्ले में ही घूमते हुए पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से घर से चोरी हुआ मोबाइल मिला। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई, लोगों ने जमशेद की जमकर पिटाई की और बाद में कोतवाली ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में गौरीश की तहरीर पर आरोपी जमशेद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## 46 साल से जनता की सेवा में समर्पित भाजपा:तंवर

### धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि भाजपा का गठन आज से 46 साल पहले जनता की सेवा के लिये किया गया था। आज पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता की सेवा निस्वार्थ भाव से कर रही है।

जोया रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले पार्टी कार्यकताओं ने पार्टी का झंडा फहराया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मुख्य अतिथि सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि भाजपा का मकसद जनता की सेवा करना है। यह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है तथा देश को सर्वोपरि मानते हुए काम करती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी तरह से पार्टी की नीतियों का प्रचार करते रहे। जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाये तथा नीतियों का प्रचार करते रहे। पार्टी की मजबूती का काम प्रत्येक कार्यकर्ता का है। इस मौके पर चैयरमैन शशि जैन, गिरीश त्यागी, ऋषिपाल नागर, ममता गुर्जर भगवत चौहान, अजय चौहान, रमेश कलाल, पूरन सिंह सैनी, मुकेश सक्सैना, मनोज वर्मा, अतुल चौधरी, माया गुप्ता, पिंकी रानी, रमेश कलाल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने नहीं लगने दिया साप्ताहिक बाजार

### शिकायत के आधार पर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार के साप्ताहिक बाजार को लगने से रोक दिया। बाजार न लगने से गरीब दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

नगर की मस्जिद सम्भलयान से लेकर रेतिया वाली मस्जिद तक रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। जिसमे गरीब दुकानदार फड़ लगाकर अपने परिवारों का पालन पोषण करते हैं। रविवार को जब दुकानदार अपने फड़ आदि लगा रहे थे तो पुलिस पहुंच गई। दुकानदारों को सड़क पर फड़ लगाने से उन्होंने रोक दिया। जिससे गरीब दुकानदारों के हाथ पैर फूल गये। बताया जा रहा है किसी ने रविवार के साप्ताहिक बाजार को बंद करवाये जाने को लेकर प्रार्थना पत्र उच्च अधिकारियों को भेजा था। जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई हैं। इस मामले में कुछ लोगों का कहना है कि शिकायतकर्ता कोई सामने खुलकर नहीं आया है। कुछ का कहना है कि किसी ने फर्जी शिकायत अधिकारियों से की है।

## चाचा को फंसाने को युवक ने घर में लगाई आग

### पिता ने बेटे के खिलाफ कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चाचा को झूठे मामले में फंसाने के लिए युवक ने खुद घर में आग लगा दी। बाद में परिजनों पर झूठी गवाही देने के लिए दबाव बनाया। इनकार करने पर मारपीट की। अब पिता ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव धनौरी मीर का है। यहां रहने वाले शमशाद अहमद का आरोप है कि उसका बेटा मोहम्मद अनस सगे चाचा इरशाद से रंजिश रखता है। आए दिन झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश में रहता है। तीन अप्रैल को भी अनस ने खुद ही अपने घर में आग लगा ली और आरोप इरशाद पर लगा दिया। जिसके लिए वह अपनी मां, भाई व बहन से झूठी गवाही देने का दबाव बना रहा है। इनकार करने पर मारपीट करता है। शनिवार को भी अनस ने मारपीट की। ग्रामीणों ने वीडियो बना ली। शमशाद ने बेटे के खिलाफ तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## सपा नेता का तमंचे के साथ वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बछरायूं।** सपा नेता का तमंचे के साथ वीडियो वायरल होने से हड़कम्प मच गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गयी है। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें सपा नेता दोनों हाथों में तमंचे लिये हुए है। वीडियो वायरल होने से हड़कम्प मच गया। बताते चलें कि इस समय तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने का ट्रेंड चल रहा है। आये दिन ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। हसनपुर व



मंडी धनौरा क्षेत्र में यह काम तेजी से किया जा रहा है। वीडियो वायरल की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

## साइबर ठगों ने युवक से 27 हजार ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने युवक के मोबाइल पर फर्जी मैसेज भेजकर धोखे से खाते में 30 हजार रुपये आने की बात कही। झांसे में आए युवक ने साइबर अपराधियों द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर 27 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जालसाजी का पता चलने पर पीड़ित युवक ने मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव खंडसाल कलां में किसान अजयपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे गौरव कुमार का बैंक खाता बस्ती स्थित पीएनबी शाखा में है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह गौरव के मोबाइल पर एक मैसेज आया। जो उसके खाते में 30 हजार रुपये ट्रांसफर होने से संबंधित था। इसी दौरान

**■ मोबाइल नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज**

गौरव के पास अंजान नंबर से काल आई। काल करने वाले ने व्यक्ति ने कहा कि धोखे से आपके खाते में 30 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं। लिहाजा वह वापस कर दें, बड़ा एहसान होगा। इसके बाद गौरव के व्हाट्सएप पर क्यूआर कोड भेज कर उस पर पैसे ट्रांसफर करने को कहा। गौरव ने बिना जांच-पड़ताल किए बिना क्यूआर कोड पर 27 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसी दौरान उसे शक हुआ, खाता चेक किया होश उड़ गए। उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया था। जबकि वह 27 हजार रुपये अपने खाते से ही ट्रांसफर कर चुका था। साइबर अपराधियों ने बाद में भी कॉल की, बाकी 3 हजार रुपये और ट्रांसफर करने को कहा लेकिन गौरव ने फिर कोई पैसा ट्रांसफर नहीं किया। पीड़ित ने थाने जाकर मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हनुमान जन्मोत्सव की जिम्मेदारी सौंपी

**मंडी धनौरा।** बालाजी भक्त मंडल सोसायटी के संयोजन में 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई हैं। जिसमें 11 को रथयात्रा व 12 अप्रैल को हवन, भंडारे और जागरण का आयोजन होगा। सोमवार को कंचन बाजार स्थित श्री बालाजी धाम में संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी में जुट जाएं। बैठक में कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौपी गई। इस अवसर पर शिवकुमार वर्मा, राकेश अग्रवाल, हितेश मांगलिक, बालकिशन वर्मा, सुमित अग्रवाल, भोलेशाह, नरेंद्र अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, प्रियंक शर्मा आदि रहे।

## जूता व्यापारी को लूटने का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कलेक्शन करके लौट रहे जूता व्यापारी को लोगों ने घेर लिया। नगर के बाईपास मार्ग स्थित न्यू सैनी कालोनी निवासी पूरन सैनी जूते का व्यापार करता है। उसके द्वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापारियों को जूता चप्पल की सप्लाई दी जाती है। शुक्रवार को व्यापारी पूरन सैनी कस्बा सैद नगली से रूपये का कलेक्शन करके घर को वापस आ रहा था। जैसे ही वह नगर के बाईपास मार्ग स्थित कनेटा रोड के निकट पहुंचे तभी अज्ञात लोगों द्वारा उसे रोक लिया गया और थैला छीनने लगे। व्यापारी की चीख पुकार सुनकर कुछ स्थानीय निवासी मौके पर एकत्र हुए और नगर के एक जनप्रतिनिधि का हवाला देते हुए व्यापारी को उन लोगों से छुड़वा दिया। जिससे एक लूट की घटना होते-होते रह गई। पीड़ित व्यापारी पूरन सैनी द्वारा बताया गया उसके थैले में लगभग 60000 रूपय थे। व्यापारी ने बताया कि लगभग 4 वर्ष पूर्व भी उसके आवास पर डकैती पड़ी थी डकैती के दौरान बदमाशों द्वारा उसके भाई को गोली मार दी थी। वही नुकसान न होने के कारण पीड़ित व्यापारी द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# आरसीबी के खिलाफ उतरेगी मुंबई इंडियंस




● मुंबई ने मौजूदा सीजन में अब तक खेले गए चार मैचों में सिर्फ एक मैच में ही जीत हासिल की है

**मुंबई, वार्ता।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 20वें मैच में अपने लड़खड़ाते अभियान को पुनर्जीवित करने के लिए सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान का लाभ लेने की कोशिश करेगी।

मुबंई ने मौजूदा सीां में अब तक खेले गये चार मैचों में सिर्फ एक में जीत हासिल की है। एमआई के स्तरहीन प्रदर्शन के चलतेटीम के संतुलन और नेतृत्व पर सवाल उठने शुरु हो गये हैं। कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या की वापसी सीजन की खराब शुरुआत के साथ हुई है हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होने पांच विकेट लेकर फॉर्म की झलक दिखाई है। मुंबई के खराब प्रदर्शन का कारक टीम सामंजस्य की कमी दिखायी दे रही है। उनकी बल्लेबाजी लय में नहीं रही है। शीर्ष क्रम एकजुट होकर फायर करने में विफल रहा है। पिछले मैच में चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरने वाले रोहित शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं। टीम में एकमाीां सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 57 की औसत और 161-32 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए हैं, तथा अपने आसपास की बल्लेबाजी के पतन के बीच भी वे डटे हुए हैं। वानखेड़े की पिच अपने उच्च स्कोर वाले खेलों के लिए जानी जाती है, मेजबानों को कुछ राहत प्रदान करेगी, जो अपने घरेलू लाभ की तलाश करेंगे। इस मैदान पर मुबंई ने 11 में से आठ बार आरसीबी को हराया है। हालांकि इस बार उन्हे इन फार्म बेंगलुरु से पार पाने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। आरस. ीबी दो जीत और एक हार के साथ मैच में आ रही है। बेंगलुरु में एक उच्च स्कोर वाले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली का वानखेड़े में 18 खेलों में 44-15 की औसत से 574 रन बनाने का शानदार रिकॉर्ड है, उनकी उम्मीदों का केंद्र होंगे। इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने गुजरात के खिलाफ 54 रन बनाकर अपनी फॉर्म में वापसी की है और टिम डेविड और जितेश शर्मा के साथ मिलकर एक खतरनाक मध्य क्रम बनाया। पिछले सीजनों में अक्सर आला. ेचनाओं का शिकार रही आरसीबी की गेंदबाजी इस साल और भी तेज दिखी है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन मैचों में 7-26 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं, जबकि भुवनेश्वर कुमार नई गेंद से भरोसेमंद रहे हैं। क्रुणाल पांड्या और लिविंगस्टोन की अगुआई में स्पिन विभाग अतिरिक्त विविधता प्रदान करता है। वानखेड़े की पिच सपाट और ठोस होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों के अनुकूल होगी। इस स्थल पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के बेहतर परिणाम रहे हैं, जिन्होंने 119 टी20 मैचों में से 65 में जीत हासिल की है। दोनों पक्षों के लक्ष्य का पीछा करने को प्राथमिकता देने के कारण, टॉस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुंबई अपने अभियान को फिर से बनाने की कोशिश कर रही है और आरसीबी अपनी गति को मजबूत करने की कोशिश कर रही है, सोमवार का मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है। जहां एमआई घरेलू समर्थन और पिछले दबदबे पर निर्भर करेगा, वहीं आरसीबी मौजूदा फॉर्म के आधार पर अधिक स्थिर इकाई दिखाई देती है।

**मुंबई इंडियंस की संभावित एकादशः** विल जैक, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), तिलक वर्मा नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर, ट्रेंट बोल्ट इम्पैक्ट प्लेयरः तिलक वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की संभावित एकादशः** फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल इम्पैक्ट प्लेयरः सुयश शर्मा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# चार माह बाद वापसी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह




## एमआई ने रेडी टू रोर मैसेज पोस्ट किया

## मयंक यादव बॉलिंग के लिए फिट

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आईपीएल मैच खेलने के आसार नजर आने लगे हैं, वे मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह कमर की चोट के कारण इस सीजन के पहले चार मैच नहीं खेल सके थे। बुमराह को लेकर मुंबई इंडियंस ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव भी आने वाले मैचों में वापसी कर सकते हैं। वे भी चोट की वजह से शुरुआती मैच नहीं खेले थे। बीजीटी के आखिरी मैच में चोटिल हुए थे बुमराह तेज गेंदबाज को बार्डर-गावस्कर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चौंपियंस ट्राफी से भी वह बाहर हो गए थे। वे पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे। मुंबई 4 में 3 मैच हारी, पाइंट टेबल में नंबर 7 मुंबई पहले 4 आईपीएल मैच में से 3 गंवा चुकी है। मुंबई को इस सीजन के पहले लीग मैच में चेन्नई ने 4 विकेट से हरा दिया था। दूसरे मैच में गुजरात के हाथों 36 रन से हार मिली थी। तीसरे मैच में मुंबई ने अपने घरेलू मैदान पर वापसी की थी और कोलकाता को 8 विकेट से हराने में सफलता हासिल की थी। चौथे मैच में उसे लखनऊ ने करीबी मुकाबले में 12 रन से हरा दिया। मुंबई के 4 मैचों में 2 अंक है और ये टीम पाइंट्स में अभी 7वें नंबर पर है। लखनऊ के मयंक पिछले आईपीएल में चोटिल हुए थे मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के हेड कोच जस्टिन लैंगर ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मयंक एनसीए में बहुत मेहनत कर रहे हैं और मैंने उनके गेंदबाजी के कुछ वीडियो देखे हैं, जिसमें वे लगभग 90 से 95प्रतिशत की फिटनेस के साथ गेंदबाजी कर रहा था। मयंक ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जो भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के लिए वाकई बहुत बढ़िया है। हमने पिछले साल उनके प्रदर्शन को देखा था। मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसने मयंक से ज्यादा तेज गेंदबाजी की हो। मयंक ने पिछले सीजन आईपीएल डेब्यू किया था। वे डेब्यू मैच में ही 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद से उनका नाम चर्चा में आया। उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपनी 24 में से 6 गेंदें 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपर की फेंकी। उनकी सभी 24 गेंदों की स्पीड 140 किमी प्रति घंटा से ऊपर रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### केकेआर ने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी: रिंकु

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह की बांह में गुदा टेटू उन्हे उस पल की याद दिलाता है, जिसने उनकी लजदगी हमेशा के लिए बदल दी। नाइट बाइट के एक एपिसोड में रिंकू ने अपने क्रिकेट के सफ़र को याद करते हुए अपने टैटू के बारे में बात की, जिस पर 'भगवान की योजना, खूबसूरती से किया गया' लिखा हुआ था और साथ ही '2:20' लिखा हुआ था। ठीक वही पल जब वह कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े और उसने उनकी ज़लदगी हमेशा के लिए बदल दी। कोलकाता फ्रेंचाइजी के साथ अपने विशेष संबंध को दर्शाने वाले टैटू की ओर इशारा करते हुए उन्होने कहा कि जब मुझे 2018 में केकेआर ने 80 लाख रुपये में खरीदा था, तो वह रकम मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत बड़ी थी। उससे पहले हमारे पास ज़्डादा पैसे नहीं थे। मेरे परिवार की ज़लदगी पूरी तरह बदल गई। मेरे भाई-बहनों की शादियाँ आसान हो गईं, और हमने उस पैसे से एक घर भी खरीदा।

### घटिया स्पोर्ट्स किट बांटने की जांच होगी : मदन दिलावर

**झुंझुनू, वार्ता।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में वितरित की गयी घटिया गुणवत्ता वाली स्पोर्ट्स किट की जांच कराई जायेगी। श्री दिलावर ने रविवार को राजस्थान में झुंझुनू जिले के टमकोर गांव स्थित महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जो भी व्यक्ति, अधिकारी कर्मचारी इस घोटाले में दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। राज्य में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल किट वितरित किए गये है।

# डबल हेडर के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव




■ दिल्ली शीर्ष पर, पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें सूची में सबसे नीचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 में दो मुकाबले लगभग एकतरफा हुए। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, जबकि दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को शिकस्त दी। इन दो मैचों के बाद अंक तालिका में काफी बदलाव हुआ है।

पंजाब की टीम को जहां तीन स्थान का नुकसान हुआ, वहीं पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें अंक तालि. का में सबसे नीचे हैं। दिल्ली के खिलाफ चेन्नई को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत रही। टीम छह अंक और +1.257 का नेट रन रेट लेकर शीर्ष पर है। वहीं, चेन्नई की यह तीसरी हार रही। पांच बार की चैंपियन यह टीम एक जीत और दो अंक लेकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट -0.891 है। वहीं, राजस्थान को भी जीत का फायदा हुआ और टीम सातवें स्थान पर कायम है। उसने अभी तक चार में से दो मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार मिली है। राजस्थान का नेट रन रेट -0.185 है। पंजाब की टीम को तीन स्थान का नुकसान हुआ। दिल्ली- चेन्नई मैच के बाद पंजाब किंग्स पहले से दूसरे स्थान पर लुढ़की, फिर राजस्थान से खुद के मैच के बाद चौथे स्थान पर लुढ़क गई। पंजाब ने तीन में से दो मैच जीते हैं और चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.074 है। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन में से दो जीत और चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +1.149 है। वहीं, गुजरात टाइटंस तीन में से दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.807 है। फिर पंजाब का नंबर आता है। उसके बाद पांचवें स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। केकेआर ने चार में से दो मैच जीते हैं और दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। उसके अंक चार हैं और नेट रन रेट +0.070 है। वहीं, लखनऊ चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। उसके भी चार अंक हैं और नेट रन रेट +0. 048 है। इसके बाद नीचे के चार स्थान पर चार पूर्व चैंपियन टीमें हैं। सातवें स्थान पर राजस्थान और आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है। मुंबई ने चार में से एक मैच जीता है और तीन हार और दो अंक के साथ आठवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.108 है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स नौवें और हैदराबाद 10वें स्थान पर है।

# एलएसजी के दिग्वेश राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश राठी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ नोटबुक सेलिब्रेशन की वजह से मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही दो डिमेरिट पाइंट दिया गया है। अब उनके तीन डिमेरिट पाइंट हो गए हैं। दिग्वेश को इसी सेलिब्रेशन के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी 25 प्रतिशत फाइन लगा था और एक डिमेरिट पाइंट दिया गया था। वहीं, स्लो ओवर रेट के लिए टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल शुक्रवार रात लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेले गए मैच में दिग्वेश राठी ने मुंबई के बल्लेबाज नमन धीर को आउट करने के बाद अपने ट्रेड मार्क नोट बुक फाड़ने के अंदाज में जश्न मनाया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी दिग्वेश राठी आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी पाए गए। इसलिए उन पर 50 प्रतिशत जुर्माना और 2 डिमेरिट पाइंट दिए गए। इससे पहले एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ में ही खेले गए मैच में पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट किया करने बाद पर्चा फाड़ने के अंदाज में सेलिब्रेशन किया था। उनकी इस हरकत पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अपनी नाराजगी जताई थी। उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था और एक डिमेरिट पाइंट दिए गए थे। एक अप्रैल को पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद उनके पास जाकर नोटबुक सेलिब्रेशन करते हुए दिग्वेश राठी।

# धोनी ने संन्यास की खबरों को खारिज किया

## इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे माही

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने ताजा पाडकास्ट में आईपीएल से अपने संन्यास की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। धोनी के संन्यास की अफवाह ने उस वक्त जोर पकड़ा जब सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चेपाक में खेले गए मुकाबले को देखने के लिए धोनी के माता-पिता भी स्टेडियम पहुंचे। हालांकि, धोनी के संन्यास की खबर अफवाह निकली क्योंकि उन्होंने मैच के बाद ऐसी कोई घोषणा नहीं की। धोनी ने अब इन खबरों को लेकर चुप्पी तोड़ी है और राज शमानी के पाडकास्ट में प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे। धोनी बताया कि वह अपने शरीर को आठ महीने का समय देंगे यह देखने के लिए कि क्या 44 साल की उम्र में भी वह खेल सकते हैं। उनके पास अभी समय है यह जानने के लिए कि क्या वह इस लीग में अलविदा कहेंगे। धोनी के पाडकास्ट में कहा, नहीं, अभी नहीं, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को आसान रखता हूं और एक साल का समय देता हूं। अभी मैं 43 साल हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा ये जानने के लिए कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं नहीं करता, बल्कि मेरा शरीर करता है। सीएसके के मैच के बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग से भी यही सवाल किया गया था। इस पर फ्लेमिंग ने कहा था कि उनकी धोनी से संन्यास के बारे कोई चर्चा नहीं हुई है। फ्ले. मिंग ने धोनी के संन्यास को लेकर कहा, नहीं, उनके सफर को खत्म करना मेरा काम नहीं है। मुझे कुछ पता नहीं है। मैं बस उनके साथ काम करने का लुत्फ उठा रहा हूं।

# न्यूजीलैंड की जीत में ब्रेसवेल-सियर्स बने हीरो

■ न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में पाक को 43 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान माइकल ब्रेसवेल (59) के विस्फोटक अर्द्धशतक और बेन सियर्स के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित तीसरे वनडे में पाकिस्तान को 43 रन से हरा दिया।

गीली आउटफील्ड के कारण मैच को 42 ओवर का कर दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 264 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पारी 221 रन पर ही सिमट गई। ब्रेसवेल ने 40 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में एक चौका और छह छक्के लगाए। इसके अलावा युवा सलामी बल्लेबाज राइस मारियू ने 58 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया, जबकि डेरिल मिशेल (53 गेंदों पर 43 रन) ने बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण संतुलित होने के क्षणों के बावजूद कीवियों की रन रफ्तार को रोकने में विफल रहा।

आकिफ जावेद ने 62 रन देकर 4 विकेट लिए। 265 रनों का पीछा करते हुए, पाकिस्तान दबाव में लड़खड़ा गया। सीयर्स ने एक तेज स्पेल में 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए जिसने मेहमान टीम के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जैकब डफी ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिसमें खतरनाक रिजवान (37) शामिल थे।

# आरआर की सलामी जोड़ी अदभुतः क्लार्क

**मुबंई, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है।



■ जायसवाल और संजू किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखते है

कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा कि जयसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्डादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह खुद को बस कुछ गेंदें दे, यहाँ तक कि पहले ओवर में ज़मीन पर हिट करने की कोशिश करे, तो वह बहुत विनाशकारी हो सकता है। उन्होने कहा कि राजस्थान रॉयल्स एक अलग टीम है जब उनका ओपनिंग कॉम्बिनेशन आग उगलता है। वे बहुत शक्तिशाली हैं। रियान पराग के बारे में संजय मांजरेकर ने कहा कि मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग की पारी और भी महत्वपूर्ण थी। हां, जायसवाल ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। उसके बाद, पराग ने अपना समय लिया और मुझे थोड़ी चिंता हुई कि शायद वह बहुत धीमी गति से खेल रहे हैं, लेकिन फिर उन्होंने धमाका कर दिया। अब वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि वह धीमी शुरुआत की भरपाई कर सकते हैं। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्डादा था। अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को एक बेहतरीन स्थिति में पहुँचा दिया। क्लार्क ने कहा कि मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने 200 रन तक पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, यह वास्तव में एक अच्छा स्कोर था। पंजाब किंग्स शायद निराश होंगे कि उन्होंने इतने रन दिए। लेकिन जोफ्रा आर्चर की पहली गेंद ने वास्तव में राजस्थान रॉयल्स के लिए लय तय कर दी। यह एक बेहतरीन गेंद थी। फिर श्रेयस ने दो अविश्वसनीय कवर ड्राइव लगाए।

# डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती: सिनर

■ टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद बैन हुए थे, रोम मास्टर्स से करेंगे वापसी

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा, यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थीरू सिनर इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस



स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था। जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 आस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं। सिनर इस साल 7 मई से शुरू हो रहे रोम मास्टर्स से अपने इंटरनेशनल करियर में वापसी करेंगे। इसके बाद वह 19 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में भी खेलते नजर आएंगे।

# हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया

● नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, मोहम्मद सिराज को चार विकेट मिले

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के 20वें मैच में गुजरात टाइटंस को 153 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 4 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। नीतीश कुमार रेड्डी (31 रनद्ध और हेनरिक क्लासन (27 रन( ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। अनिकेत वर्मा और अभिषेक शर्मा ने एक समान 18-18 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके। उन्होंने सिमरजीत सिंह, अनिकेत वर्मा, ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर को 2-2 विकेट मिले। हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। आखिरी ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा ने 17 रन दिए। उनके ओवर में पैट कमिंस ने एक चौका और एक छक्का लगाया। उन पर शमी ने भी एक चौका लगाया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां कमिंडु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए।




उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की पहली बाल पर हैदराबाद का 5वां बैटर आउट हुए। यहां साई किशोर ने नीतीश रेड्ड्डी को राशिद खान के हाथों कैच कराया। उन्होंने अपने पिछले ओवर में हेनरिक क्लासन को भी आउट किया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। इस ओवर की 5वीं बाल पर साई सुदर्शन ने हेनरिक क्लासन को बोल्ड कर दिया। क्लासन ने 27 रन बनाए। साई किशोर ने फिफ्टी पार्टनरशिप को ब्रेक किया। टीम ने तीसरा विकेट 50 रन के स्कोर पर गंवाया था। ओवर की आखिरी बाल पर अनिकेत ने एक रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 8वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। दूसरी बाल पर ईशान किशन 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने ईशांत शर्मा के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में हैदराबाद ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 6 ओवर के फेज में 45 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। हेड 8 और अभिषेक 18 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट सिराज ने जीते हैं। पारी के छठे ओवर में ग्लेन फिलिप्स को चोट लगी। एक थ्रो फेंकते समय उनकी मसल्स में खिंचाव आया। फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 7 अप्रैल 2025

# दलबदल पर शिकंजा

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि यदि स्पीकर दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनिर्णय दिखाते हैं, तो न्यायपालिका निष्क्रिय नहीं रह सकती। अदालत निर्देश जारी कर सकती है, जिसे यदि नजरअंदाज किया गया, तो अनुच्छेद 142 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। विधानसभाओं में दलबदल का मुद्दा हाल के वर्षों में सार्वजनिक जीवन में एक बड़ा विवादास्पद मुद्दा बन गया है। सत्तारूढ़ दलों, सियायी लोगों का का, तो यहां तक कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने दलबदल को प्रोत्साहित करके अपने विधायी आधार में बढ़ोतरी के लिए निर्लज्ज रवैया अपनाया है। आम तौर पर इसके लिए अपनाए जाने वाले तरीके में, जिसे 2010 के दशक के उत्तरार्ध में मणिपुर में और बाद में महाराष्ट्र में बेशर्मी से अपनाया गया। स्पीकर शामिल होते हैं, जो हमेशा सत्तारूढ़ दल से होते हैं। वह दलबदल करने वाले विधायकों के खिलाफ विपक्षी दलों की अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर बिना कोई फैसला दिए बैठे रहते हैं। कुछ दलबदलुओं को, उनके पाला-बदल पर स्पीकर का निर्णय लंबित रहते हुए, मंत्री के रूप में शपथ तक दिलाई गई है। लोकतांत्रिक कवायद का मजाक बनाते हुए, कई राज्यों में सत्तारूढ़ दल की ओर सामूहिक पाला-बदल का अशोभनीय दृश्य देखा गया है। इस सिलसिले में सबसे ताजा तेलंगाना की स्थिति है, जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने पाला बदलकर कांग्रेस की ओर जाने वाले अपने 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें स्पीकर ने इस साल जनवरी में जाकर अधिसूचित किया। स्पीकर द्वारा समय से कार्रवाई की मांग करते हुए बीआरएस ने एक याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उचित टिप्पणी की कि अगर कोई स्पीकर अनिर्णायक बने रहने का विकल्प चुनता है, तो अदालत सुप्रीम कोर्ट, शक्तिहीन नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की यह टिप्पणी तर्कसंगत है कि अदालतें किसी स्पीकर को यह नहीं बता सकतीं कि वह कैसे निर्णय करे, लेकिन वे स्पीकर से वाजिब समय के भीतर निर्णय करने के लिए कह सकती हैं। मई 2023 में, पांच जजों की एक संविधान पीठ ने दलबदल पर निर्णय के लिए स्पीकरों की उपयुक्तता और निष्पक्षता में विश्वास जताया था लेकिन एक वाजिब अवधि के भीतर। इस फैसले की बुनियाद पर अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की दलबदल याचिकाओं पर निर्णय करने के वास्ते महाराष्ट्र के स्पीकर के लिए एक समयसीमा तय की थी। स्पीकर द्वारा याचिकाओं पर सुनवाई में अनावश्यक देरी के बाद यह कदम उठाया गया था। फिर भी, यह मुद्दा बना हुआ है। यह अपरिहार्य है क्योंकि स्पीकर हमेशा सत्तारूढ़ दलों से निर्वाचित होते हैं और शायद ही कभी गैर-पक्षपाती ढंग से काम करते हैं, जबकि उनसे निष्पक्षता बरतने की उम्मीद की जाती है।

## अतीत को याद रखें भाजपा कार्याकर्ता



सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा, हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है, उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, हमने राममंदिर बनाने का वादा किया, तो पूरा किया, धारा 370 खत्म करने का वादा किया, तो पूरा किया। भाजपा जो कहती है, वो करती है, यही वजह है कि हमारी राज्यों में सरकारें लगातार रिपीट हो रही है। उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में जनता का विश्वास हम पर बना हुआ है। इस बार दिल्ली में भी हमारी 2.5 दशक बाद सरकार आई है।

**जेपी नड्डा**
**भाजपा अध्यक्ष**

# वक्फ विवाद: निगाहें कहीं हैं, निशाना कहीं

**कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं, जबकि सत्तारूढ़ राजद व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं**



तनवीर जाफरी

पिछले दिनों लंबी बहस व विवादों के बाद आखिरकार वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित हो ही गया। चूंकि इस समय दोनों ही सदनों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का बहुमत है इसलिए इस विधेयक के पारित होने की पूरी संभावना भी थी। हां विपक्ष को कुछ उम्मीदें स्वयं को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले सत्ता के सहयोगी दलों के प्रमुख नेताओं नितीश कुमार,चंद्र बाबू नायडू,जयंत चौधरी व चिराग पासवान से ज़रूर थीं कि शायद वे इस विधेयक के विरोध में खड़े हों परन्तु ऐसा नहीं हुआ। यहां तक कि इनके दलों के मुस्लिम सांसदों ने भी इस विधेयक का विरोध नहीं किया। बहरहाल अब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी इण्डिया गठबंधन दलों द्वारा एक इस विधेयक के विरोध के आख़िरी विकल्प के रूप में सर्वोच्च न्यायलय का दरवाज़ा खटखटाने की ख़बर है जहां इस की संवैधानिकता को चुनौती दी जाएगी। ग़ौर तलब है कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। जबकि सत्तारूढ़ राजग व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं।

दरअसल एक अनुमान के अनुसार भारत में सेना और रेलवे के बाद सबसे ज़्यादा अचल संपत्ति वक्फ बोर्ड के अधीन है। इन्हें संचालित करने के लिए भारत में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं और इन सभी वक़्फ़ बोर्ड का संचालन राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय वक्फ़ काउंसिल और राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड करते हैं। यह व्यवस्था भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन व रखरखाव के लिए निर्धारित की गई है। प्रत्येक वक्फ संपत्ति के प्रबंधन के लिए एक मुतवल्ली नियुक्त किया जाता है। इसी मुतवल्ली के हाथों में वक्फ संपत्ति का नियंत्रण होता है। वक्फ संपत्ति से होने वाली कुल आय का एक निर्धारित प्रतिशत वक्फ बोर्ड को बोर्ड के रखरखाव के नाम पर दिया जाता है। यही वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति संबंधित विवादों ख़ासकर मुतवल्ली की नियुक्ति व अवैध क़ब्ज़ा हटाने या किसी को किराए पर देने न देने जैसे मामलों में हस्तक्षेप करता है। वक्फ सम्पत्तियां केवल मुसलमानो से जुड़ी हुई ही नहीं हैं। बल्कि विभिन्न धर्मों में इसतरह की सम्पत्तियाँ मिलेंगी जिन्हें पूर्व में राजा महाराजाओं, ज़मींदारों, जागीरदारों, धनाढय लोगों द्वारा यहां तक कि जो साधारण लोग भी अपनी संपत्ति अपने क़ानूनी वारिसों को न देकर अपने धर्म से सम्बंधित धर्मस्थानों को दान में दे दिया करते थे। आज देश भर में विभिन्न धर्मों के धर्म स्थलों के पास इस तरह की बेहिसाब सम्पत्तियां हैं। इन संपत्तियों को कहीं महंत या गद्दी नशीन देख रहे हैं, कहीं प्रबंधन कमेटियां बनी हुई हैं तो कहीं इसके प्रबंधन के लिए न्यास (वक्फ) या ट्रस्ट बनाये गये हैं। मिसाल के तौर पर जगन्नाथपुरी ट्रस्ट, वैष्णो देवी ट्रस्ट, मनसा देवी ट्रस्ट की तरह हिन्दू धर्मस्थलों से जुड़े अनेक ट्रस्ट हैं। इसी तरह सिख धर्मस्थलों की देखभाल के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाई गई है। परन्तु इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रत्येक धर्मों में पाई जाने वाली इस तरह की सम्पत्तियों में या इससे होने वाली बेहिसाब आय में आम तौर पर लूट खसोट की ख़बरें भी आती रहती हैं। यही वजह है कि विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड संपत्तियों के ग़बन और भ्रष्टाचार, वक्फ ज़मीनों पर अवैध क़ब्ज़ा, राजनीतिकरण और सांप्रदायिक दुरुपयोग, धार्मिक भेदभाव,पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव, क़ानूनी विवाद और निष्क्रियता जैसे आरोप भी लगते रहे हैं।

परन्तु यदि सत्ता से जुड़े गिने चुने मुसलमानों को छोड़ दें तो न केवल देश के आम मुसलमान बल्कि समूचा विपक्ष और अनेक क़ानूनविद व बुद्धिजीवी वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को मुस्लिम विरोधी, मुसलमानों द्वारा वक्फ की गई ज़मीनों को हड़पने का प्रयास तथा दूसरे धर्मों व धर्मस्थलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश बता रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मंदिरों व अन्य धर्मों के धार्मिक प्रबंधन में किसी दूसरे धर्म के लोग शामिल नहीं किए जाते तो वक्फ बोर्ड में किसी ग़ैर मुस्लिम को शामिल करने का आखिर क्या मकसद है? यदि मुस्लिम वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में ग़ैर-मुसलमानों को रखा जा सकता है तो ग़ैर-मुसलमानों के धर्मस्थलों की संपत्ति प्रबंधन में मुसलमानों को क्यों नहीं शामिल किया जाना चाहिए? विपक्ष का मानना है कि सरकार इस बिल के द्वारा वक्फ बोर्ड के अधिकारों को इसलिए कम कर रही ताकि वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर क़ब्ज़ा कर सके।

विपक्ष इसे मुस्लिम समाज को तोड़ने व कमज़ोर करने का काम बता रहा है। कुछ सांसदों ने तो संसद में बहस के दौरान यह तक कह डाला कि यह विधेयक मुसलमानों के धर्म पर डाका डालने तथा मुसलमानों की वक्फ संपत्ति को हड़पने वाला है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस विधेयक को 'संविधान पर एक निर्लज्ज हमला' तथा समाज के स्थाई ध्रुवीकरण की रणनीति का हिस्सा बताया जिससे भाजपा तिलमिला उठी है। कुछ इसी से मिलता जुलता विवाद पिछले कई दिनों से बिहार के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल बोधगया को लेकर भी छिड़ा हुआ है। यहां गत 12 फ़रवरी से बौद्ध भिक्षु बीटी एक्ट यानी बौद्ध गया टेंपल एक्ट, 1949 को समाप्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत बौद्ध गया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) में बौद्धों के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबियों को भी सदस्य बनाने का प्रावधान है। बौद्ध भिक्षु इसे उनके धार्मिक मामलों में दख़ल मानते हुए लंबे समय से इस क़ानून का विरोध कर रहे हैं। पहले बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठे थे परन्तु गत 27 फ़रवरी को प्रशासन द्वारा इन्हें महाबोधि मंदिर परिसर से हटा दिया गया। इसके बाद अब बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर दोमुहान नामक स्थान पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गोया बौद्ध धर्म के लोग भी अपने धार्मिक मामलों में दूसरे धर्म के लोगों की दख़लअंदाज़ी सहन नहीं कर पा रहे फिर आख़िर मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दख़ल देने का मक़सद क्या? रहा सवाल भाजपा द्वारा इस विधेयक के माध्यम से मुस्लिम हितों की बातें करने का या इस विधेयक को मुस्लिम हितैषी बताने का तो पूरी दुनिया देख रही है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जिस 'गुजरात मॉडल' को देश में लागू करने की बात कही थी वह गुजरात मॉडल दरअसल क्या है? आज भाजपा के पूरे देश में कोई सांसद या विधायक नहीं है। जगह जगह मदरसे बंद कराये जा रहे हैं। मस्जिदों व क़ब्रों को खोदने का सिलसिला चल रहा है। जिन पसमांदा मुसलमानों के हितों की भाजपा बात करती है उसी समाज के कितने लोगों के घरों को बुलडोज़र से तहस नहस कर दिया गया है। उन्हीं पसमांदा मुसलमानों के व्यवसायिक व सामाजिक बहिष्कार की अपील भाजपाई समर्थक करते रहते हैं। संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाते हुए हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बात अनेक नेताओं व कथित धर्मगुरुओं द्वारा सरे आम की जा रही है। ऐसे वातावरण में वक्फ विधेयक 2025 को मुसलमानों का हितैषी बताने का दावा, निगाहें कहीं हैं और निशाना कहीं जैसा ही है।

**यह लेखक के निजी विचार है**




# खतरे में समूचा नार्थ-ईस्ट और चीन...

**मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है, यूनुस और जिनपिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया**



पवन सिंह



चीन भारतीय सीमाओं और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए अब एक बहुत बड़ा खतरा बन चुका है। वह बात अलग है कि सरकार नंगी आंखों से लगातार सारा चीनी खेल देख रही है लेकिन खामोश है। यह सन्नाटा क्यों पसरा हुआ है यह एक बड़े रहस्य का विषय है। चीन के लिए मौजूदा भारतीय नेतृत्व किसी वरदान की तरह है जब न तो सत्ता से कोई आवाज उठ रही है न ही 24 गुणा 7 'राष्ट्रवादी लीक्विड फ्लो डिस्चार्ज' करने वाले झंबरझांय टाइप्स नोएडा मीडिया से। सबसे बड़ी बात विपक्षी दलों की खतरनाक हो चली चुप्पी है। विपक्ष को चीनी घुसपैठ पर मुखर होकर सवाल उठाना चाहिए, वह भी खामोश है। विपक्ष यह कह कर अपना दामन नहीं बचा सकता है कि संसद में उसे बोलने नहीं दिया जाता सड़क पर बोलने से किसने रोका है आपको हाल ही में चीन ने बांग्लादेश सरकार के साथ तीस्ता नदी प्रोजेक्ट पर जो समझौता किया है, वह माओत्से तुंग के उस सपने को आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा जब उसने कहा था-समूचा नार्थ ईस्ट हो अपना। ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने इंडियन डिफेंस रिव्यू में जो विश्लेषण किया है वह बतौर एक हिन्दुस्तानी मेरे मन को बहुत दुखी कर रहा है। हम धीरे-धीरे नार्थ ईस्ट को खोने की कगार पर हैं। बकौल इंडियन डिफेंस रिव्यू वर्ष, 2017 का डोकलाम गतिरोध शी के कायाकल्प के सपने की प्रारंभिक अभिव्यक्ति थी उसके बाद से चीन बहुत कुछ आगे बढ़ चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है जब हमें एक शक्तिशाली दुश्मन से खुद को लड़ने के लिए तैयार करने की जरूरत थी, हमने अपनी ही जनता को आपस में लड़ा दिया है। हमने स्वयं अपनी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर डाला है। अपने उद्योगों को चीन के हाथों रौंदवा डाला है। बात होनी चाहिए चीनी कब्जे पर बात हो रही है मस्जिदों की खुदाई पर। बात होनी थी वायुसेना और थल सेना पर नेवी की मजबूती पर बात हो रही नमाज छत पर होगी या सड़क पर माओत्से ने झिंजियांग व तिब्बत पर कब्जा करके चीन को भारत, नेपाल और भूटान के साथ साझा सीमाएं दे दीं और आगे का काम अब शी जिनपिंग कर रहा है। माओत्से (ज़ेडोंग) तिब्बत को चीन का दाहिना हाथ मानता था, जबकि लद्दाख, नेपाल, सिक्किम, भूटान और नेफा यानी अरुणाचल प्रदेश को उसकी पांच उंगलियां मानता था। इसलिए माओ का मानना था कि इन क्षेत्रों को 'आजाद' कराना चीन की ज़िम्मेदारी है। इंडियन डिफेंस रिव्यू के अनुसार-तिब्बत पर कब्ज़ा करने के बाद यह व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी कि चीन इन क्षेत्रों को आज़ाद करने का प्रयास कर सकता है, लेकिन तिब्बत पर कब्ज़ा करने के खिलाफ़ वैश्विक आक्रोश ने माओ को अस्थायी रूप से इस विचार से खुद को दूर करने के लिए मजबूर कर दिया लेकिन माओत्से तुंग के आधुनिक अवतार शी जिनपिंग ने माओ के 'पांच अंगुलियों' को 'स्वतंत्र' करने के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। पांच अंगुलियों में से दो भारत की सीमा से लगे संप्रभु राष्ट्र हैं, जबकि अन्य तीन भारत का अभिन्न अंग हैं।

डोकलाम में चीन को जो चाहिए था वह खेल उसने जीत लिया है। चीन ने डोकलाम पठार के पास भूटान में 22 गांवों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है जबकि 2017 में इसी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गतिरोध हुआ था। चीन की इस गतिविधि से सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर भारत के सामने नंगी चुनौतियां हैं। टाइम्स ग्रुप ने इस मसले पर एक स्टोरी की थी लेकिन वह मंदिर-मुस्लिम-मस्जिद के आगे बेकार साबित हुई। जयंता कालिता के अनुसार-अप्रत्याशित करना और गोपनीयता चीन की विदेश नीति की पहचान है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भूटान के रणनीतिक क्षेत्र डोकलाम पठार से चीनी सैनिकों के हटने के आठ साल बाद, बीजिंग ने इस क्षेत्र में कम से कम 22 गांवों और बस्तियों का निर्माण किया है। तिब्बती विश्लेषकों के एक नेटवर्क 'टर्क्वइज रूफ' की तरफ से प्रकाशित अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट ने डोकलाम के पास चीनी निर्माण गतिविधि में वृद्धि का खुलासा किया है। भूटान ने चीनी दबाव के चलते अंततः भूटान-चीन सीमा पर संयुक्त तकनीकी समिति की जिम्मेदारियों और कार्यों को रेखांकित करते हुए परिसीमन और सीमांकन पर एक 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर कर दिए। जबकि भूटान, भारत की सहमति के बिना डोकलाम के नजदीकी इलाकों को नहीं छोड़ सकता था, क्योंकि 2007 की भारत-भूटान शांति संधि के अनुसार भूटान को भारत की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना होगा लेकिन यहां चीन ने बाजी पलट दी। इसके बाद भूटानी प्रधानमंत्री ने भारत यात्रा के दौरान डोकलाम के नजदीक चीन द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के बारे में नई दिल्ली को बताया लेकिन शर्मिंदगी से बचने के लिए मामले को दबा दिया गया। फिलहाल चीन ने जो 19 गांव बसाये उनमें से तीन को कस्बों में अपग्रेड किया जा रहा है। चीन ने भूटान के इन पहले से निर्जन क्षेत्रों में लगभग 7,000 लोगों को स्थानांतरित किया है। ये सात हजार सैनिक हैं या आम नागरिक नहीं पता। चीन ने वर्षों से विवादित क्षेत्रों पर धीरे-धीरे अतिक्रमण किया है। विश्लेषक इसे 'सलामी स्लाइसिंग' कहते हैं।

फिलहाल मार्च, 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है। यूनुस और जिनफिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया।

## पहला सुख निरोगी काया, केवल कहावत नहीं, जरूरत है

# अधूरी स्वास्थ्य सेवाएं, अधूरे सपने...

**प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, इस दिवस को बनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना**



योगेश कुमार गोयल

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का पहला लक्ष्य वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज रहा है लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है कि समुदाय में सभी लोगों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं व देखभाल मिले और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक भी हों। स्वास्थ्य को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करने तथा लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने के उद्देश्य से ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य: हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। समूचे विश्व में जन-स्वास्थ्य से जुड़े कुछ वैश्विक तथ्यों पर ध्यान दिया जाए तो हालांकि टीकाकरण, परिवार नियोजन, एचआईवी के लिए एंटीरिट्रोवायरल उपचार तथा मलेरिया की रोकथाम में सुधार हुआ है लेकिन चिंता की स्थिति यह है कि अभी भी दुनिया की आधी से अधिक आबादी तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच नहीं है। विश्वभर में 80 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपने घर के बजट का कम से कम दस फीसदी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर खर्च करते हैं। यही नहीं, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा खर्च करने के कारण दस करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग,



मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना जैसे वायरसों के समक्ष जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तो स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। यदि भारत की बात की जाए तो भारतीय समाज में सदियों से धारणा रही है 'जान है तो जहान है' तथा 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया'। 'सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया' अर्थात् 'सब सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों' मूलमंत्र में यही स्वास्थ्य भावना निहित है। कोरोना काल की अवधि को छोड़ दिया जाए तो देश में पिछले दशकों में आर्थिक दृष्टि से तीव्र गति से विकास तो अवश्य हुआ लेकिन कड़वा सच यह भी है कि तेज गति से आर्थिक विकास के बावजूद इसी देश में करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन वर्ष की अवस्था वाले तीन फीसदी से भी अधिक बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और चालीस फीसदी से अधिक बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं।

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब रामबाण से कम नहीं है पुदीना

पुदीना एक ताजा जड़ी बूटी है जिसका आमतौर पर औषधीय रूप में उपयोग किया जाता है। पुदीना न केवल अपने ठंडे स्वाद के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है-खासकर जब वजन कंट्रोल की बात आती है। एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना फैट, मेटाबॉलिज्म और पाचन में सहायक भूमिका निभा सकता है। पुदीना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है जो भोजन से पोषक तत्वों को अवशोषित करने और फैट्स को इकट्ठा करने के बजाय उपयोग करने योग्य ऊर्जा में परिवर्तित करने में मदद करते हैं। जबकि पुदीना अकेले वजन घटाने के लिए एक चमत्कारी उपाय नहीं है बल्कि इसे संतुलित आहार और स्वस्थ लाइफस्टाइल में शामिल करने से शरीर की प्राकृतिक फैट्स-जलने की प्रक्रिया में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में आप पुदीने को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### डाइजेशन होता है बूस्ट अप

अगर आप पुदीने को डाइट में शामिल करते हैं, तो यह डाइजेशन को बूस्टअप करता है। गौरतलब है कि पुदीना डाइजेस्टिव एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। इसके सेवन से आपका पाचन सही तरह से काम करता है, तो आपका शरीर फैट और कार्बोहाइड्रेट को अधिक बेहतर तरीके से प्रोसेस करता है, जिससे शरीर में अनावश्यक वसा जमा नहीं होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लोटिंग को कम करने में मदद करता है, जिससे आप अधिक लाइट महसूस करते हैं।

### अतिरिक्त भूख और क्रेविंग को कंट्रोल करता है

ज्यादातर लोगों को वजन इसलिए भी कम नहीं हो पता है कि क्योंकि उनको बार-बार अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग्स होने लगती है। इसलिए आप अपने आहार में पुदीना को जरुर शामिल करें। इसके सेवन से आपको भूख भी कम लगेगी और बार-बार खाने की इच्छा भी कंट्रोल रहेगी।

### बॉडी को डिटॉक्स करता है

पुदीने के सेवन से आपको यह फायदा होगा कि आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी। दीना एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है। यह आपकी बॉडी को अंदर से साफ और डिटॉक्स करता है। पाचन बेहतर रहता है और ब्लोटिंग भी नहीं होती है।

# विरोध की लहरः ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों अमेरिकी

**50**
राज्यों में हो रहे उग्र प्रदर्शन

**1400**
से अधिक रैलियां निकाली गईं

**6**
लाख लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अरबपति एलन मस्क के खिलाफ सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन हुए। इन विरोध प्रदर्शनों में लाखों लोग शामिल हुए। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 1400 से ज्यादा रैलियां की गई हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए 6 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में कटौती, अर्थव्यवस्था और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सरकार के फैसलों का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया है। हैंड्स ऑफ मतलब होता है- हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो। इस विरोध प्रदर्शन में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इसमें सिविल राइट आर्गनाइजेशन, मजदूर संघ, एलजीबीटीक्यू+वालंटियर्स, पूर्व सैनिक और चुनावी कार्यकर्ता शामिल थे। इस विरोध प्रदर्शन में सिविल राइट आर्गनाइजेशन और मजदूर संघ जैसे 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। एलन मस्क अमेरिका की ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख हैं। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र को छोटा करने से टैक्सपेयर्स के अरबों डालर बचेंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सोशल सिक्योरिटी, मेडिकेयर योजनाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन डेमोक्रेट्स इन योजनाओं का लाभ अवैध अप्रवासियों को दिलाना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रो. कल टैक्स का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

## रैली में लगे नारे 'वह पागल है, अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा'

**वाशिंगटन।** प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वह पागल है और अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। वाशिंगटन के नेशनल माल पर निकाली गई रैली में बाइक टूर गाइड डायने कोलिपैथ ने कहा कि हमारे साथ 100 लोग हैं जो न्यू हैम्पशायर से बस और वैन से ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने आए हैं। हमें दुनियाभर में अपने सहयोगियों को खोना पड़ रहा है। यहां तबाही मची हुई है।

वो हमारी सरकार को खत्म कर रहा है। लास एंजिलिस में एक महिला ने झंडा लहराया। इस पर लिखा था कि मेरे गर्भाशय से बाहर निकल जाओ। महिला ने ट्रम्प की गर्भपात विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कोलोराडो के डेनवर में लोगों पे कहा कि अमेरिका के लिए कोई राजा नहीं। लंदन में निक. ाली रैली में अमेरिकी-ब्रिटिश नागरिकता वाली लिज चैंबरलिन ने कहा कि अमेरिका में जो कुछ हो रहा है, वह हर किसी की समस्या है। यह आर्थिक पागलपन है। वह हमें वैश्विक मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। बर्लिन में सेवानिवृत्त सुसैन फेस्ट ने कहा कि ट्रम्प ने सां. विधानिक संकट पैदा कर दिया है। वह आदमी पागल है।

## मोदी की अपील पर श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को किया रिहा





**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद लंका ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। पीएम ने कल लंकाई राष्ट्रपति दिसानायके से मछुआरों की रिहाई पर बात की थी। मोदी तीन दिवसीय लंका दौरा पूरा कर भारत लौट आए हैं। इससे पहले उन्होंने आज बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में माहो ओमनथाई रेल लाइन का उद्घाटन और सिग्नल सिस्टम का शिलान्यास किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने लंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। लंका के माहो जिले से ओमनथाई जिले के बीच यह रेल लाइन नार्दर्न रेलवे लाइन का 128 किमी लंबा हिस्सा है। यह लंका के कुरुनेगला, अनुराधापुरा और ववुनिया जिलों से होकर गुजरता है। लंका सरकार ने इस रेलवे लाइन के आधुनिकीकरण

### पीएम ने बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, भारत लौटे

और सुधार के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी IRCON इंटरनेशनल लिमिटेड इस खंड के डेवलपमेंट का काम कर रही है। इस परियोजना के लिए भारत ने 318 मिलियन डालर (2720 करोड़ रुपये) का लोन दिया है।

पीएम अनुराधापुरा के जय महाबोधि मंदिर भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं से भेंट की है। इस दौरान पीएम ने मंदिर के प्रमुख बौद्ध भिक्षु को उपहार भी दिया।

## म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हुई

**यांगून।** म्यांमार में आए 7.9 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हो गई। यह जानकारी सरकारी दैनिक द मिरर ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के कारण शनिवार तक 4,671 लोग घायल हुए हैं जबकि 214 लोग अभी तक लापता हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बचाव संगठनों ने भूकंप के बाद इमारतों में फंसे 653 लोगों को बचाया है और मलबे से 682 शव निकाले गए हैं।

## एक नजर

### इजरायल ने दो महिला ब्रिटिश सांसदों को देश में एंट्री नहीं दी

**यरुशलम।** इजरायली अधिकारियों ने दो ब्रिटिश सांसदों को देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि वे कथित तौर पर इजरायल विरा. धी बयानबाजी फैलाने की योजना बना रहे थे। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली जनसंख्या और आव्रजन प्राधिकरण का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। अखबार ने प्राधिकरण का हवाला देते हुए कहा कि सांसदों अब्तिसम मोहम्मद और युआन यांग को इजरायल में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि पता चला कि उनके दौरे का उद्देश्य इजरायली सुरक्षा बलों का दस्तावेजीकरण करना और इजरायल के खिलाफ घृणित बयानबाजी फैलाना था।

### अमेरिका में भारतीय मूल के काउंटी जज केपी जार्ज गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** फोर्ट बेंड काउंटी के जज केपी जार्ज को शुक्रवार को दो गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन पर वायर धोखाधड़ी और एक अभियान वित्त रिपोर्ट में गड़बड़ी करने के आरोप हैं, जिसके चलते धन शोधन के आरोप भी लगाए गए हैं। बता दें कि 2018 से काउंटी जज के रूप में कार्यरत भारतीय मूल के जार्ज को गिरफ्तार करने के बाद काउंटी जेल में ले जाया गया, जहां उन्होंने 20,000 डालर की जमानत पर रिहाई पाई। वहीं अब बात अगर जज पर लगे आरोपों की करें तो जार्ज पर आरोप है कि उन्होंने +30,000 से +150,000 के बीच धन शोधन किया। हालांकि अपने पक्ष में जार्ज ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

## अमेरिकी जहाज़ों की कब्रगाह बना लाल सागर

### हूतियों ने कई युद्धपोतों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के हूतियों को धमकी के बाद अमेरिका ने यमन पर ताबड़तोड़ बमबारी की है। इसके बावजूद भी वह हूती की ताकत को खत्म नहीं कर पाए हैं, हूती लाल सागर में आज भी अपने हमले जारी रखे हुए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के उत्तरी हिस्से में अमे. रिकी विमानवाहक हैरी ट्रुमैन और उसके साथ के जहाजों पर हमला किया। अल मसीरा टीवी चैनल पर पब्लिश अपने भाषण में सारी ने कहा, पिछले कई घंटों के दौरान नौसेना के साथ मिलकर रॉकेट बलों और मानव रहित हवाई वाहनों ने क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए लाल सागर के उत्तरी भाग में अमे. रिकी वायु वाहक हैरी ट्रुमैन सहित कई युद्धपोतों के साथ युद्ध शुरू कर दिया है। हूतियों ने अमेरिकी नेवी के खिलाफ कोई एक हमला नहीं किया बल्कि उनकी लाल सागर में यह कार्रवाई कई घंटों तक जारी रही है। सारी ने बताया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले कई घंटों तक जारी रहे और इससे विद्रोहियों के नियंत्रण वाले यमन के क्षेत्रों पर अमेरिकी हमलों को रोका जा सका है। 5 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया था कि उनकी स्ट्राइक में हूती के कई ऑपरेटिव एक मीटिंग करते हुए मारे गए, लेकिन हूती ने ट्रम्प के इस दावे को गलत बताया है और कहा है कि जहां हमला हुआ वह ईद के दौरान होने वाली आम लोगों की गैदरिंग थी। यमन के हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस वक्त हथियार की सप्लाई यमन तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है, फिर भी यमन ने मिसाइलों को जखीरा बना रखा है। ट्रम्प की खुली चेतावनी के बाद यमन के लाल सागर में जारी हमले अमेरिकी की एक बड़ी बदनामी के तौर पर देखा जात रहा है।





## बालू कलाकार सुदर्शन को मिला द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड

**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है। कला क्षेत्र में बेहतरीन योगदान पर सुदर्शन पटनायक को ब्रिटिश द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह ब्रिटेन के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार से शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने विश्व शांति के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची बालू की मूर्ति बनाई। इसके बाद उनको फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। पटनायक ने कहा कि मैं वेमाउथ यूके में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में फ्रेड डारिंगटन ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वेमाउथ के मेयर जान ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया। सैंडवर्ल्ड के निदेशक मार्क एंडरसन, डेविड हिक्स और लंदन में भारतीय उच्चायोग में संस्कृति मंत्री नाओरेम जे सिंह पुरस्कार समारोह में उपस्थित थे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के रहने वाले पटनायक को पुरस्कार के लिए बधाई दी। माझी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक को पहले ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार द फ्रेड डारिंगटन से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। उनके योगदान ने वैश्विक मंच पर हमारे देश और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को और बढ़ाया है। सुदर्शन पटनायक को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने दुनियाभर में 65 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बालू मूर्तिकला चैंपियनशिप और महोत्सवों में भाग लिया है। उन्हें उनकी प्रतिष्ठित रचनाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वेमाउथ में सैंडवर्ल्ड पर्यटक आकर्षण का केंद्र है। यहां दुनियाभर के कलाकार असाधारण बालू की मूर्तियां बनाते हैं।

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499